

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार 20 जून 2024 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-083 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 21 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### एक दूसरे का कद छोटा करना कांग्रेस की संस्कृति: तोखन साहू

**तखतपुर, 20 जून।** प्रथम नगर आगमन पर तखतपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का भव्य स्वागत हुआ. इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव का कद छोटा करने वाले पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर तोखन साहू ने पलटवार किया. उन्होंने कहा, एक दूसरे का कद छोटा करना कांग्रेस की संस्कृति है. भारतीय जनता पार्टी में एक दूसरे को जोड़कर चलते हैं. केंद्रीय राज्य मंत्री साहू ने कहा, मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता का पंच से लेकर लोकसभा तक पहुंचना और मोदी के मंत्री मंडल में शामिल होना भाजपा में ही संभव है. भूपेश बघेल इस तरह की बाते करके कांग्रेस पार्टी की संस्कृति को बता रहे हैं. सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास ही भाजपा पार्टी का मूलमंत्र है. केंद्रीय मंत्री बनने के बाद पहली बार नगर पहुंचे तोखन साहू का जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं और सभी समाज के लोगों ने तोखन साहू को हार माला पहनाकर स्वागत किया. इस दौरान भाजपाइयों ने पटाखे फोड़कर केंद्रीय मंत्री बनाने की खुशी जताई.

### पिकअप पलटने से सीएएफ के दो जवानों की मौत

**बलरामपुर,20 जून।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सीएएफ जवानों से भरी पिकअप पलटने से दो जवानों की मौत हो गई. वहीं एक जवान और वाहन चालक घायल है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है. यह घटना सामरी थाना क्षेत्र के भूताही मोड़ के पास की है. बताया जा रहा कि ये जवान सामरी से झारखंड-छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित चुनचुना - पुंदाग के कैंप जा रहे थे. तभी यह हादसा हो गया. वाहन में कितने लोग सवार थे अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है. हादसे में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है. घटना स्थल पर पुलिस बल रवाना कर दिया गया है.

### बाइक और कार में भिड़ंत एक युवक की मौत

**कोरिया,20 जून।** छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार का कहर लगातार बढ़ता ही जा रहा है, आए दिन सड़के खून से लाल हो रही है और बेगुनाह लोग अपनी जान गवा रहे है। वहीं एक और ताजा मामला कोरिया जिले से सामने आ रहा है, यहां तेज रफ्तार कार और बाइक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है, सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के अस्पताल पहुंचाया है। वहीं पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला चरचा थाना क्षेत्र अंतर्गत का है।

### सुरमा पाढ़ी बनीं ओडिशा विस अध्यक्ष

**भुवनेश्वर,20 जून।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता सुरमा पाढ़ी ने इतिहास रच दिया। बीजू जनता दल (बीजद) की प्रमिला मलिक के बाद पाढ़ी, ओडिशा विधानसभा की अध्यक्ष बनने वाली दूसरी महिला हैं। ओडिशा विधानसभा का नया अध्यक्ष चुना गया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री केवी सिंह देव व प्रवाती परिदा, नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक और सदन के अन्य सदस्यों ने विधानसभा की नई अध्यक्ष को बधाई दी। सूरमा पाढ़ी को सर्वसम्मति से चुना गया है। इसकी घोषणा सदन के प्रोटेम स्पीकर रणेंद्र प्रताप स्वैन ने की। सभी दलों के विधायकों ने बधाई दी। सूरमा पाढ़ी ने कल इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया था। सूरमा पाढ़ी दो बार के विधायक हैं। नयागढ़ जिले के रानपुर विधानसभा क्षेत्र से दो बार की विधायक हैं। 2004 और 2024 में रानपुर से जीत हासिल की था। पाढ़ी का जन्म 29 दिसंबर 1960 को हुआ था। सूरमा ने उत्कल विश्वविद्यालय से गृह विज्ञान में स्नातक की डिग्री के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त की।

# 'परीक्षा से एक रात पहले मिल गया था प्रश्न पत्र, फूफा ने कराई थी पूरी सेटिंग'

## नीट पेपर लीक मामले में आरोपी अनुराग यादव का बड़ा कबूलनामा

**नई दिल्ली,20 जून।** परिणाम में अनियमितताओं के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के उम्मीदवार अनुराग यादव ने स्वीकार किया है कि उन्हें प्रदान किया गया लीक प्रश्न पत्र वास्तविक परीक्षा प्रश्न पत्र से मेल खाता था। एक स्वीकारोक्ति पत्र में, बिहार के दानापुर नगर परिषद (दानापुर नगर परिषद) में तैनात एक इंजीनियर के भतीजे 22 वर्षीय यादव ने कहा कि उनके रिश्तेदार सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने उन्हें बताया था कि परीक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। यादव ने यह भी कहा कि उन्हें नीट परीक्षा का लीक हुआ प्रश्नपत्र उत्तर सहित उपलब्ध कराया गया। छात्र ने पत्र में दावा किया कि जब वह परीक्षा में बैठा और उसे वास्तविक प्रश्नपत्र दिया गया तो वह उसके फूफा द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्नपत्र से मेल खा गया। इकबालिया पत्र पर यादव के हस्ताक्षर भी हैं। विवाद में गिरफ्तार किए गए अनुराग यादव, शिवनंदन कुमार, अभिषेक कुमार, आयुष कुमार ने कबूल किया है कि उन्हें अगले दिन परीक्षा में वही प्रश्न मिले जो पूछे गए थे। गिरफ्तार अभ्यर्थियों के अनुसार, शिकंदर यादव नामक व्यक्ति ने पेपर फिक्स कराने में अहम भूमिका निभाई थी।

अनुराग ने अपने कबूलनामे में कहा कि मैं कोटा में एलन कोचिंग सेंटर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। मेरे फूफा सिकंदर ने मुझे बताया कि एनईईटी परीक्षा 5 मई को निर्धारित थी और मुझे यह कहते हुए कोटा से लौटने के लिए कहा कि परीक्षा का पेपर सेट हो गया है। मैं कोटा से लौटा हूं। परीक्षा से एक दिन पहले, मुझे नीट परीक्षा प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिका प्रदान की गई, और रात भर उत्तर याद करने के लिए कहा गया। उसने आगे बताया कि मेरा परीक्षा केंद्र डीवाई पाटिल स्कूल में था और जब मैं परीक्षा देने गया तो परीक्षा में वही प्रश्न आये जो मैंने याद किये थे। परीक्षा के बाद अचानक पुलिस पहुंची और मुझे गिरफ्तार कर लिया। मैं अपना अपराध स्वीकार कर रहा हूं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पटना में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं के संबंध में बुधवार को बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से रिपोर्ट मांगी। बिहार जैसे राज्यों में प्रश्नपत्र लीक होने और इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इन आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और कई उच्च न्यायालयों के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय में भी याचिकाएं दायर की गई हैं। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 को रद्द करने और मेडिकल प्रवेश परीक्षा में कथित अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने संबंधी याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को केंद्र, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और अन्य से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने एनटीए की ओर से दायर उन याचिकाओं पर भी पक्षकारों से जवाब मांगा जिसमें उच्च न्यायालयों में लंबित कुछ याचिकाओं को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है।

# नीट पेपर लीक मास्टमाइंड के लिए तेजस्वी यादव के सहायक ने बुक कराया था रूम

**पटना,20 जून।** नीट-यूजी परीक्षा में धांधली के मसले पर फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इस मामले में पेपर लीक के आरोप भी लग रहे हैं। कई लोगों की इस मामले में गिरफ्तारी भी की जा चुकी है। इस बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम का नाम इससे जोड़कर सनसनी फैला दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि नीट-यूजी का पेपर लीक करने वाली गैंग के सदस्य पटना के गेस्ट हाउस में रुके थे और इसकी बुकिंग तेजस्वी यादव के निजी सचिव ने कराई थी। यही नहीं बुकिंग कराने के दौरान तेजस्वी यादव के लिए मंत्री शब्द का इस्तेमाल किया गया। इस पर विजय सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की है और विस्तार से आरोप लगाए हैं। विजय सिन्हा ने कॉल डिटेल समेत कई दस्तावेज दिखाते हुए कहा,एक मई को तेजस्वी यादव के निजी सचिव प्रीतम कुमार के मोबाइल नंबर से रात को 9 बजकर 7 मिनट पर पथ निर्माण विभाग में कार्यरत प्रदीप कुमार को फोन किया गया। यह फोन सिकंदर कुमार यादवेंदु के लिए कमरे की बुकिंग के मकसद से किया गया था। इस पर प्रदीप कुमार ने कोई संज्ञान नहीं लिया।



फिर 4 मई को सुबह 8 बजे फिर से प्रीतम कुमार ने फिर से फोन किया गया। इस बार प्रदीप कुमार ने पथ निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता को वॉट्सऐप पर मेसेज भेजा था। विजय सिन्हा ने कहा कि बिहार की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से पेपर लीक के आरोपों की जांच की जा रही है। इस मामले में जांच में अब तक पेपर लीक का शक बढ़ा ही है। उन्होंने कहा था, हम जानकारी जुटा रहे हैं। गेस्ट हाउस से जिन लोगों को पकड़ा गया, उनका जिन लोगों से संबंध है, उनमें से एक प्रीतम है। लोगों का कहना है कि वह तेजस्वी यादव से जुड़ा है। हम इस पूरे मामले में जानकारी जुटा रहे हैं। चुनाव की वजह से हम अब तक पूरी जानकारी नहीं हासिल कर पाए थे। इस मामले में दोषी लोगों के खिलाफ सख्त ऐक्शन होगा। उन्हें बताना होगा कि गेस्ट हाउस का किस मंत्री और किन लोगों ने इस्तेमाल किया। डिप्टी सीएम ने कहा था कि मैंने अपने विभाग में चेतावनी जारी कर दी है। जिन लोगों के भी कहने पर कमरे की बुकिंग हुई होगी, उनके खिलाफ ऐक्शन होगा। यह बड़ा मामला है। कार्रवाई तो करनी ही होगी।



# भीषण गर्मी से सैकड़ों हज यात्रियों की मौत

**मक्का, 20 जून।** इस साल भीषण गर्मी की वजह से मक्का में हज यात्रा के दौरान कम से कम 90 भारतीयों की मौत हो गई। सऊदी अरब ने मौतों की जानकारी नहीं दी है, हालांकि उसने 19 जून को ही हीट एग्जॉस्ट के 2,700 से ज़्यादा मामलों की रिपोर्ट की है। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक कुल मौतों की संख्या 645 है। ज़्यादातर मौतें हीटवेव से जुड़ी थीं। इससे पहले, सऊदी अरब में एक राजनयिक ने कहा था कि इस साल हज यात्रा के दौरान 68 भारतीय नागरिकों की मौत हुई है, जिससे कुल मौतों की संख्या 600 से ज़्यादा हो गई है। राजनयिक ने एएफपी को बताया, हमने लगभग 68 लोगों की मौत की पुष्टि की है। कुछ की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई है और हमारे पास कई बुज़ुर्ग तीर्थयात्री थे। और कुछ की मौत मौसम की वजह से हुई है, ऐसा हमारा अनुमान है।

सड़कों पर लावारिस शवों को दिखाने वाले वीडियो सामने आए हैं, जो संकट को उजागर करते हैं। अधिकारी प्रभावित परिवारों की सहायता करने और स्थिति को संभालने के लिए काम कर रहे हैं। फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया नेटवर्क लापता लोगों की तस्वीरों और जानकारी के अनुरोधों से भरे पड़े हैं। इस साल दुनिया भर से करीब 18 लाख लोग तीर्थयात्रा में शामिल हुए। सऊदी अरब में भीषण गर्मी के बीच हज 2024 के दौरान मरने वाले सैकड़ों लोगों में श्रीनगर के एक बैंकर दंपत्ति समेत कश्मीर के नौ तीर्थयात्री भी शामिल हैं।

# बिहार हाईकोर्ट ने खत्म किया 65% आरक्षण

**पटना,20 जून।** आरक्षण मामले में पटना हाईकोर्ट से नीतीश सरकार को झटका लगा है। पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के ओबीसी-ईबीसीऔर एससी-एसटी के लिए 65% आरक्षण को खत्म कर दिया है। हाईकोर्ट का यह फैसला सीएम नीतीश कुमार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बता दें कि बिहार सरकार ने जाति आधारित जनगणना कराई थी। इसके बाद इसी आधार पर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण 50% से बढ़ाकर बढ़ाकर 65 फ़ीसदी किया गया था। इसके खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। मामले में आज को हुई सुनवाई के दौरान इसे रद्द कर दिया है। गुरुवार को मामलें में गौरव कुमार व अन्य के दायर याचिकाओं पर पटना हाई कोर्ट ने सुनवाई की। हाई कोर्ट ने सुनवाई कर फैसला 11 मार्च, 2024 को सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज सुनाया। चीफ जस्टिस के वी चंद्रन की खंडपीठ गौरव कुमार व अन्य याचिकाओं पर लंबी सुनवाई की थी। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने बहस की। उन्होंने कोर्ट को बताया था कि राज्य सरकार ने ये आरक्षण इन वर्गों के पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं होने के कारण दिया था। राज्य सरकार ने ये आरक्षण अनुपातिक आधार पर नहीं दिया था। याचिकाओं में राज्य सरकार के 9 नवंबर, 2023 को पारित कानून को चुनौती दी गई थी। इसमें एससी, एसटी, ईबीसी व अन्य पिछड़े वर्गों को 65 फीसदी आरक्षण दिया गया था, जबकि सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए मात्र 35 फीसद ही पदों पर सरकारी सेवा दी जा सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 7 नवंबर 2023 को विधानसभा में इसकी घोषणा की थी कि सरकार बिहार में आरक्षण के दायरे को बढ़ाएगी। 50 फीसदी से इसे 65 या उसके ऊपर ले जाएंगे। सरकार कुल आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत करेगी।मुख्यमंत्री के ऐलान के तुरंत बाद कैबिनेट की मीटिंग बुलाई गई थी। ढाई घंटे के अंदर कैबिनेट ने इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी थी। इसके बाद इसे शीतकालीन सत्र के चौथे दिन 9 नवंबर को विधानमंडल के दोनों सदनों से इसे पारित भी कर दिया गया था। पटना हाईकोर्ट में न्यू रिजर्वेशन बिल की चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार को 12 जनवरी तक जवाब देने को कहा था। याचिकाकर्ता की ओर से रोक लगाने वाली मांग को बेंच ने रिजेक्ट कर दिया था।

## गलत हिंदी लिखते ही वायरल हो गईं मंत्री

**नई दिल्ली, 20 जून।** स्कूल चलें हम अभियान के तहत मध्य प्रदेश के धार जिले में ब्रह्मकुंडी स्थित एक सरकारी स्कूल में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर पहुंची थीं. इस अभियान को उन्होंने घंटी बजाकर शुरू की. बच्चों के साथ उन्होंने समय भी बिताया. जानकारी के मुताबिक, सावित्री खुद 12वीं पास हैं और इस दौरान उन्हें एक बोर्ड पर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' लिखना था, लेकिन वह नहीं लिख पाईं. उन्होंने इसके बजाय 'बेढी पड़ाओ बच्चाव' लिख दिया, जिसके बाद उनका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो गया. मोदी सरकार शिक्षा स्तर में बढ़ावा लाने के लिए सरकारी स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रोत्साहित कर रही है. वहीं, उन्हीं के मंत्री अब सिर झुकाने का काम कर रही हैं. इस घटना पर कांग्रेस ने भी चुटकी ली और इसका मजाक उड़ाया है. यह घटना मध्य प्रदेश की धार जिले की है, जिसका शुभारंभ सावित्री ठाकुर ने किया था. शिक्षा जागरुकता अभियान के तहत उन्हें एक बोर्ड पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का स्लोगन लिखना था. जैसे ही उन्होंने व्हाइट बोर्ड पर अपनी कलम घुमाई तो अक्षरों में कई गलतियां दिखाई दीं, जिसे पीछे खड़े कई लोगों ने नोटिस किया. वहीं, जब इस दौरान कैमरे में सबकुछ रिकॉर्ड हुआ तो इंटरनेट पर वायरल होने में बिल्कुल भी समय नहीं लगा.

# जहरीली शराब से अब तक 34 मरे

**चेन्नई,20 जून।** तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने गुरुवार को कल्लाकुरिची जिले में अवैध शराब के सेवन से हुई मौतों पर राज्यव्यापी विरोध की घोषणा की। रिपोर्टों के अनुसार, कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 100 से अधिक अन्य अस्पताल में भर्ती हैं - जिनमें से पांच की हालत गंभीर है। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, कुल 107 लोगों को कल्लाकुरिची सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 59 लोगों को सलेम, विल्लुपुरम और पुडुचेरी जैसे अन्य स्थानों के अस्पतालों में भेजा गया है।

भाजपा के राज्य प्रमुख ने कहा, कल्लाकुरिची में अवैध शराब पीने के बाद 35 अमूल्य जीवन की दुखद मौत से गहरा दुख हुआ है।÷ ÷तमिलनाडु भाजपा की ओर से, हम इस भयावह घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के दुखों को साझा करने के लिए कल्लाकुरिची का दौरा करेंगे। तमिलनाडु भाजपा शोक संतप्त परिवारों को अपना पूरा समर्थन देती है।÷ अन्नामलाई ने कहा कि तमिलनाडु में डीएमके शासन के तहत पिछले 2 वर्षों में अवैध शराब से हुई मौतों ने राज्य की विकास दर को चार दशक पीछे धकेल दिया है, जिससे यह 1980 के दशक में पहुंच गया है। उन्होंने निषेध मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। उन्होंने कहा, ÷हम मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि वे इस बात पर विचार करें कि पिछले 2 वर्षों में अवैध शराब के कारण 60 से अधिक लोगों की भीषण मौत के बाद भी क्या उनमें अपने पद पर बने रहने की धार्मिकता है।÷

फायरब्रांड नेता ने कहा कि भाजपा की राज्य इकाई 22 जून 2024 को तमिलनाडु में अवैध शराब के उत्पादन और बिक्री पर अंकुश लगाने में डीएमके सरकार की अक्षमता के खिलाफराज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। बुधवार को तमिलनाडु सरकार ने जिला कलेक्टर श्रवण कुमार जाटवथ का तबादला कर दिया और पुलिस अधीक्षक समय सिंह मीना को निलंबित कर दिया। एमएस प्रशांत को नया जिला कलेक्टर और रजत चतुर्वेदी को नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया। एआईएडीएमके महासचिव एडप्पाडी के पलानीस्वामी ने भी सत्तारूढ़ डीएमके सरकार की आलोचना की और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के इस्तीफे की मांग की। स्टालिन ने मौतों पर दुख व्यक्त किया और कहा कि इस मामले में अपराध में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# केंद्र सरकार तरक्की और बेहतरी के लिए कार्य कर रही : साव



**रायपुर,20 जून।** केंद्र सरकार द्वारा धान की एमएसपी में वृद्धि किए जाने के बाद क्या छत्तीसगढ़ में भी मूल्य वृद्धि होगी? उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया है. केंद्र सरकार तरक्की और बेहतरी के लिए कार्य कर रही है. केंद्र सरकार का निर्णय किसानों के हित में है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इसके साथ धान के एमएसपी पर कांग्रेस के बयान पर कहा कि देश-प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को जवाब दे दिया है. जब इनकी सरकार थी, तब किसानों के साथ कैसी नाइंसाफी हुई. राज्य में जब कांग्रेस की सरकार थी, किसानों की दुर्दशा कैसी थी, सबको पता है. वहीं हार की समीक्षा के लिए कांग्रेस के समीक्षा टीम का गठन किए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस एक नेतृत्व विहीन और एक परिवार के हित के लिए काम करने वाली पार्टी है. कांग्रेस का अपना अंदरुनी काम है. समीक्षा करें, जो करना है करे, कांग्रेस पार्टी नेतृत्व विहीन है. कांग्रेस केवल एक परिवार के पार्टी बनकर रह गई है.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में खाद-बीज की आपूर्ति को लेकर कहा कि किसानों को सही बीज, पर्याप्त मात्रा में खाद मिले, इसके लिए राज्य सरकार ने पूरी तैयारी की है. गुणवत्ता विहीन काम और काम में लापरवाही पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित तीन उप अभियंताओं और लेखपाल के निलंबन पर डिप्टी सीएम ने कहा कि जहां पर भी अनियमित, लापरवाही पाई जाएगी, कार्रवाई होगी. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने इसके साथ 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले आयोजन को लेकर कहा कि छत्तीसगढ़ में भी अलग-अलग स्थान पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है. राज्य सरकार ने सभी जिलों और कई विभागों में अलग-अलग आयोजन किए हैं. योग जीवन के लिए महत्वपूर्ण है. सभी मंत्रीगण अलग-अलग जिलों के कार्यक्रम में रहेंगे. नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नगरीय निकायों में अलग-अलग आयोजन निर्धारित किया है.

कांग्रेस के खुज्जी विधायक भोलाराम साहू उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मुलाकात कर रोड, नाली, पानी, डामरीकरण से जुड़े मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा. उन्होंने स्वीकृति काम को शुरू करने की मांग की. इसके साथ ही जल्द काम शुरू नहीं होने पर विधानसभा के मानसून सत्र में इन मुद्दों को उठाने की बात कही.

# 15 लाख के जेवर की उठाईगिरी,4 बंदी

**बिलासपुर, 20 जून।** सराफा व्यापारी का ध्यान भटकाकर दिनदहाड़े 15 लाख के जेवर से भरे बैग की उठाईगिरी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में बिलासपुर पुलिस ने कामयाबी पाई है. पुलिस ने आरोपियों से सोने-चांदी के जेवर के साथ घटना में इस्तेमाल किए गए 2 हाईटेक बाइक को जब्त किया गया है.



मामले का खुलासा करते हुए एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि इमलीपारा निवासी जवाहर प्रसाद सोनी की सरकण्डा अशोकनगर डीएलएस कालेज के पास मां भवानी ज्वेलर्स बलौदा वाले की दुकान है. रोज की तरह वे बुधवार को दोपहर 12 बजे घर से सोने-चांदी के जेवर थैले में रखकर दुकान खोलने के लिए पहुंचे थे. दुकान के सामने बाइक खड़ी कर वे दुकान खोलने के लिए गए तो शटर के ताले में गंदगी लगी देखी. उन्होंने जेवर से भरा थैला बाइक में रखकर उसकी सफाई करने लगे, इसी बीच उठाईगिरी की वारदात हो गई. घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू की, और सीसीटीवी फुटेज की मदद से ओडिशा के गंजाम व जाजपुर जिले के रहने वाले दीपक प्रधान, अर्जुन प्रधान, आर्यन उर्फ महेश प्रधान और भोला प्रधान को पुलिस ने दबोच लिया है. उठाईगिरी की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी बिलासपुर में दूसरे शिकार की तलाश में घूम रहे थे.

# जगदलपुर के दलपत सागर में गिरी कार, तीन युवकों की मौत

**जगदलपुर,20 जून।** शहर के दलपत सागर में कार समेत गिरने से तीन युवाओं की दर्दनाक मौत हो गई. यह हादसा रात करीब 12 बजे हुआ. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. चारपहिया वाहन में लगा नंबर प्लेट छत्तीसगढ़ के भिलाई पासिंग का है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. युवकों की शिनाख्ती कर ली गई है. तीनों एनएमडीसी के कर्मचारी थे. मिली जानकारी के अनुसार शहर के धरमपुरा क्षेत्र से चारपहिया वाहन में सवार होकर 3 युवक दलपत सागर रोड से होते हुए मुख्य शहर की ओर जा रहे थे. इसी दौरान दलपत सागर के किनारे स्थित राम मंदिर को पार करने के बाद अचानक चालक ने वाहन से अपना अनियंत्रण खो दिया और अनियंत्रित होकर दलपत सागर में जा गिरा और पानी में डूबने लगा. पानी में गिरने के कारण चारपहिया कार अंदर से लॉक हो गया और अंदर मौजूद तीनों युवक कार से बाहर नहीं निकल पाए, जिससे तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. वाहन को दलपत सागर में गिरते हुए कुछ लोगों ने देखा. इसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. क्रेन के माध्यम से कार को बाहर निकाला और कार का दरवाजा खोलकर तीनों मृत युवकों के शव को बाहर निकाला. शवों को पोस्टमार्टम के लिए डिमरापाल अस्पताल भेजा गया है. मृतकों की शिनाख्ती कर ली गई है.

### कोविड के बाद निगमबोध घाट पर एक दिन में हुआ सबसे ज्यादा दाह संस्कार

**नई दिल्ली ,20 जून।** दिल्ली के निगमबोध घाट पर बुधवार को कोरोना के बाद सबसे ज्यादा शव आए। इसकी एक वजह भीषण गर्मी बताई जा रही है। निगमबोध घाट दिल्ली का सबसे बड़ा श्मशान घाट है। यहां साधारणतया हर रोज 50 से 60 शव आते हैं। लेकिन बुधवार को 142 शव आए।पिछले कुछ सालों से जून के महीने में शमशान घाट में शवों की संख्या में वृद्धि दर्ज की जा रही है। इससे पहले कोविड के दिनों में शवों की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिली थी। उस दौरान जून के महीने में शवों की संख्या 1500 थी। निगमबोध घाट पर कोविड महामारी के दौरान एक दिन में 253 शव आए थे। निगमबोध घाट के प्रभारी सुमन गुप्ता ने इस संबंध में बताया, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ रही है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार की मनमानी पर थमे ऑटो के पहिए

**रायपुर,20 जून**

रायपुर रेलवे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार द्वारा शुल्क लिए जाने के विरोध में ऑटो चालकों ने हड़ताल कर दिया है. प्री-पैड ऑटो यूनियन ने इसके साथ ही स्टेशन अधीक्षक और डीआरएम का घेराव करने की योजना बनाई है. ऑटो के पहिए थमने से सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों को हो रही है. ऑटो चालक ने बताया कि पिछले कई सालों से रायपुर रेलवे स्टेशन में सवारी ऑटो चला रहे है. लेकिन कभी कोई शुल्क नहीं लिया गया. लेकिन अब सभी ऑटो चालकों से शुल्क लिया जा रहा है. चाहे ई-रिक्शा हो या सवारी ऑटो सभी से 20-20 रुपए शुल्क लिया जा रहा है. ऑटो चालकों का कहना है कि हम जितने बार भी ऑटो स्टेशन परिसर के अंदर ले जाते हैं. उतने बार पार्किंग स्टाफ हमसे 20 रुपए बतौर शुल्क मांगता है. इसी



वजह से आज हमने हड़ताल किया है. लगभग 300 ऑटो के पहिए रुके हुए हैं. आम जनता भी परेशान हो रही है. हम नहीं चाहते कि कोई आम जनता परेशान हो, लेकिन मजबूरी है. महिला ऑटो चालक ने कहा कि इतनी महंगाई में दो वक्त का गुजारा करना भी मुश्किल हो रहा है. ऐसे में हर राउंड में 20-20 रुपए शुल्क लिया जाएगा तो हम अपना जीवन यापन कैसे करेंगे. ऑटो चालक में कहा कि यहां के बाद हम डीआरएम ऑफिस जाकर उनसे बातचीत करेंगे, ज्ञापन सौंपेंगे. फिर भी हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा और तो उचित निर्णय लेंगे.

## एक नजर

### एनएसपीसीएल कंपनी मैनेजर के मकान में चोरी

**भिलाई, 20 जून।** भिलाई एनएसपीसीएल कंपनी मैनेजर के मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामन पार करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के न खिलाफधारा 380,457 के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि एनएसपीसीएल कालोनी निवासी सरफराज आलम एनएसपीसीएल में मैनेजर के पद पर पदस्थ है। 15 जून को मैनेजर अपने परिवार के साथ आसनसोल पश्चिम बंगाल गया था 17 जून की सुबह पीड़ित के सहयोगियों ने फोन कर चोरी की सूचना दी कि मकान का दरवाजा खुला पड़ा है 18 जून को अपने घर लौटने पर पीड़ित ने चेक करने पर देखा कि मकान से अज्ञात ने सोना, चांदी के जेवरात जिसमें सोने का नेकलेस, मांग टीका, नथ, ईयर रिंग, पेन्डेंट, लेडिस रिंग, जेन्ट्स रिंग, बच्चों का रिंग, चुड़ी एक जोड़ी कुल वजन 150 ग्राम समेत इम्पोर्टेड घड़ी गायब मिला चोरी हुए सामानों की कीमत कुल 12 लाख रुपए आंकी गई है।

### 00000000000000

**भिलाई, 20 जून।** भिलाई हेल्पर को बाइक से घर छोड़ने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर कार्रवाई किया है पुलगांव पुलिस ने बताया कि ग्राम बघेरा दुर्ग निवासी सालिकराम साहू ने शिकायत किया है कि अमित कुमार साहू 18 जून को अपने हेल्पर आनंद निषाद को ग्राम कोलिहापुरी अपनी बाइकर 08 एफ 6837 में छोडने गया था। घर वापस आते समय वृद्धा आश्रम के सामने पीछे से आ रही बाइक सीजी 07 एसी 3651 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया हादसे में अमित को सिर पर गंभीर चोटे आई जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उसकी मौत हो गई।

### बीएसपी में क्वेस्ट ऑन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई, 20 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा मासिक क्विज प्रतियोगिता 'क्वेस्ट ऑन' का आयोजन 22 जून शनिवार को एचआरडीसी के सभागार में किया जा रहा है। संयंत्र के कर्मचारी इसमें भाग लेकर आकर्षक पुरस्कार जीत सकते हैं। मासिक व्यवसाय और प्रबंधन प्रश्नोत्तरी 'क्वेस्टऑन' प्रत्येक महीने के चौथे शनिवार को आयोजित किया जाता है और इसमें कार्यपालक अधिकारियों के साथ-साथ गैर कार्यपालकों की 2 सदस्यीय टीम भाग ले सकती हैं। इच्छुक प्रतिभागी, प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 22 जून 2024 को दोपहर 2:30 बजे, एचआरडीसी सभागार (प्रतियोगिता स्थल) में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा योग कार्यक्रम में होंगे शामिल



**भिलाई, 20 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला मुख्यालय दुर्ग के रविशंकर स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### अधिकतर गांवों में बिजली बार बार गुल होने से सभी परेशान

**कवर्धा, 20 जून।**कबीरधाम जिले के कई गांवों में कई बार बिजली आती है और जाती है जिससे बच्चे , माता पिता और बुजुर्ग परेशान देखे जाते है । कवर्धा , बोड़ला , सहसपुर लोहारा और पंडरिया के आसपास गांवों में बिजली बार बार आती है और चली जाती है ।

### नगरीय निकायों के वार्डों का होगा परिसीमन

**दुर्ग 19 जून ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 10 (3) एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 23 (3) के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के पश्चात् नगरीय निकायों की जनसंख्या में हुई वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय निकायों के वार्डों का परिसीमन किया जाना है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के वार्डों के परिसीमन हेतु जारी समय-सारणी के अनुसार नगर पालिक निगम दुर्ग का आम निर्वाचन 2024-2025 हेतु आवश्यकता अनुसार वार्डों के परिसीमन की कार्यवाही के लिये परीक्षण कर अभिमत सहित प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु राजस्व अधिकारी एवं उनके सहायक अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकायों के सहायक अधिकारियों को परिसीमन की कार्यवाही में राजस्व अधिकारी को सहयोग प्रदान करने एवं निर्धारित समयावधि के भीतर प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम भिलाई हेतु राजस्व अधिकारी श्री लवकेश ध्रुव डिप्टी कलेक्टर एवं उनके सहायक अधिकारी श्री अशोक द्विवेदी उपायुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग हेतु राजस्व अधिकारी श्री मुकेश रावटे अनुविभागीय अधिकारी एवं उनके सहायक अधिकारी श्री मोहेन्द्र साहू उपायुक्त, नगर पालिक निगम रिसाली हेतु राजस्व अधिकारी श्री प्रफुल्ल गुप्ता एवं उनके सहायक अधिकारी श्री संजय वर्मा सहा. रा. अधि., नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा हेतु राजस्व अधिकारी श्री महेश सिंह राजपूत अनुविभागीय अधिकारी (रा) भिलाई-3 एवं इनके सहायक अधिकारी श्री अश्वनी चंद्राकर सहा. राजस्व निरीक्षक को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद् जामुल हेतु राजस्व अधिकारी श्रीमती ख्याति नेताम तहसीलदार भिलाई-3 एवं इनके सहायक अधिकारी श्री अंकुर पाण्डेय मु.न.पा.अधि., नगर पालिका परिषद् अहिवारा राधेश्याम वर्मा तहसीलदार अहिवारा एवं इनके सहायक मु.न.पा.अधि. एवं नगर पालिका परिषद् अम्लेश्वर हेतु राजस्व अधिकारी भूपेन्द्र सिंह नायब तहसीलदार पाटन व सहायक अधिकारी श्री सतीश यादव मु.न.पा.अधि. को नियुक्त किया गया है।

# जिला मुख्यालय में आयोजित विश्व योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 20 जून।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प आधारित प्रयासों के चलते योग को बढ़ावा देने के लिए तथा देश-विदेश तक इसके महत्व को दर्शाने के लिए प्रति वर्ष 21 जून को योग दिवस मनाया जाता है जिसकी शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी. इस दिन करोड़ों लोगों ने एक साथ योग किया जो एक रिकॉर्ड बना। और तभी से भारत के साथ साथ पूरे विश्व में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है. जब करोड़ों लोग एक साथ योग के विभिन्न आसन करते हैं.

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

इस वर्ष भी ये दिवस पूरी गरिमा एवम उत्साह के साथ मनाया जायेगा. इस कड़ी में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के मुख्यालय कवर्धा में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

**योग दिवस पर भाजपा की वृहद कार्ययोजना, जसविंदर बग्गा बनाए गए आयोजन के जिला संयोजक**

इधर भाजपा ने भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन को लेकर जिले में व्यापक स्तर पे तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं. इस आयोजन को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा को जिला संयोजक और राजेंद्र चंद्रवंशी को सह संयोजक बनाया गया है । उन्होंने बताया कि जिले में पार्टी के 14 मंडल, सात मोर्चों और 12 प्रकोष्ठों को अलग अलग जिम्मेदारी देकर उन्हें आयोजन करने का लक्ष्य दिया गया है. आगामी 21 जून को भाजपा के प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस आयोजनों में क्षेत्रीय लोगों के साथ शामिल होंगे.

**क्या है योग का मतलब**

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने आयोजन के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए कहा कि योग शब्द का अर्थ है एकता या जोड़ना, ये मन को जांचने की एक विधि है जिसके माध्यम से तन के साथ ही मन पर नियंत्रण करना, विचारों पर नियंत्रण करना सिखाया जाता है।

ये आपके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करता है. मोटे तौर पर कहें तो ये सूक्ष्म विज्ञान पर आधारित अनुशासन है जो शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करने में मदद करता है. तथा ब्रीदिंग एक्सरसाइज जो इस प्रक्रिया का अभिन्न अंग हैं, वे शरीर के साथ ही मन के रोगों को भी दूर करती हैं. ये न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है बल्कि मन, भावनाओं और विचारों पर नियंत्रण करना भी सिखाता है. ये शारीरिक के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

इससे आपमें अनुशासन आता है जो मेंटल क्लेरिटी मिलती है। उन्होंने जिला मुख्यालय में आयोजित योग दिवस के दिन आम नागरिकों एवं पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपेक्षा है की सभी नियत समय व स्थान जंहा निर्धारित ही वंहा समय पर पहुंच योग दिवस को सफल बनाये।

# रिसाली में राशन कार्ड वितरण के लिए 3 जगह लगाया गया स्टॉल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रिसाली, 20 जून।** नए राशन कार्ड वितरण के लिए 3 अलग-अलग स्थानों में स्टॉल लगाया जा रहा है। रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त निर्देश दिए। दरअसल कुछ वार्डो में उचित मूल्य के राशन दुकान क्रमांक बदलने से कार्ड वितरण व्यवस्था में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा आचार संहिता खत्म होते ही रिसाली निगम ने राशन कार्ड वितरण शासकीय दुकानों के माध्यम से कराने का निर्णय लिया था। बाद में खुलासा हुआ कि राशन कार्ड पीडीएफ में दर्शाए पता और राशन दुकान क्रमांक में भिन्नता है। इस वजह से कार्ड हितग्राहियों को लंबी कतार में खड़ा होना पड़ रहा था। हितग्राहियों की इस समस्या को दूर करने निगम आयुक्त ने ऐसे 3 स्थानों से कार्ड वितरण करने निर्देश दिए, जहां हितग्राही आसानी से पहुंच सकते है। निगम आयुक्त ने कार्ड वितरण स्थल पर अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई है। हितग्राही यहां से ले सकते है राशन कार्ड - श्याम नगर रिसाली स्थित पानी टंकी कार्यालय, मुख्य कार्यालय, बीएसपी स्कूल क्र.35 भवन एवं मंगल भवन रूआबांधा। खाद्य विभाग से लगभग 20 हजार से अधिक राशन कार्ड वितरण के लिए उपलब्ध कराया है।

पुरैना व डुण्डेरा के कार्ड में किसी तरह की त्रुटि नहीं है। वहां के हितग्राहियों को राशन कार्ड उचित मूल्य की दुकान से वितरण किया जा रहा है।

# एसएमएस-3 के सीवी-2 कास्टर में फ्लाइंग टंडिश अभ्यास सफल



**भिलाई, 20 जून।** उत्पादन में तेजी लाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप 3 के सीवी-2 कास्टर में फ्लाइंग टंडिश अभ्यास सफलतापूर्वक कर एक और उपलब्धि हासिल की गई। टंडिश फ्लाइंग से निर्बाध उत्पादन बनाए रखने में मदद मिलती है। जब एक टंडिश का उपयोग अनुक्रम कास्टिंग में किया जाता है, तो कास्टिंग जारी रखने के लिए टंडिश फ्लाइंग का प्रयोग किया जाता है। उल्लेखनीय है कि सीवी-2 कास्टर से नियमित उत्पादन प्रारंभ होने के सात दिनों की ही अवधि में यह उपलब्धि हासिल की गई। पहले ही प्रयास में सफल टंडिश फ्लाइंग का प्रचालन, टीम एसएमएस-3 की नई चुनौतियों को स्वीकार करने की अनुकरणीय भावना का परिणाम है। गौरतलब है कि कास्टर सीवी-2 जिसे प्रमुखतः बीम ब्लैंक कास्टर के रूप में कमीशन किया गया था, को ब्लूम और बीम ब्लैंक दोनों की कास्टिंग करने में सक्षम कॉम्बी-कास्टर में परिवर्तित कर दिया गया है। संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल के ब्लूम की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने के लिए यह रूपांतरण किया गया था।

14 मई 2024 को कास्टर सीवी-2 से ब्लूम की पहली हीट निकाली गई थी, जिसके पश्चात 30 मई 2024 को तीन रेल ब्लूम का उत्पादन किया गया। 6 जून 2024 को सीवी-2 का औपचारिक उद्घाटन किया गया, जिसके बाद सीवी-2 से नियमित उत्पादन शुरू हुआ।

### 350 पदों के लिए 21 जून को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**दुर्ग 20 जून ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 350 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 21 जून 2024 को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक टाटा विस्ट्रॉन द्वारा 100, टाटा मोटर्स द्वारा 100, सेनाईडर इलेक्ट्रिक द्वारा 100 एवं भारत बायोटेक द्वारा 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उपसंचालक श्री आर.के. कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते है।

# कोई भी शिक्षक कोई भी विषय नहीं पढ़ा सकता:पॉल

**भिलाई, 20 जून।** पूर्व की कांग्रेस सरकार ने भर्ती पदोन्नति में संशोधन कर सरकारी मीडिल स्कूलों में शिक्षकों को कोई की संकाय पढ़ाने का फरमान जारी किया, जिसका विषय विशेषज्ञों ने खुलकर विरोध किया और मामला कोर्ट तक पहुंचा लेकिन आज पर्यन्त मामला कोर्ट में विचाराधीन ही रहा गया। विषय विशेषज्ञों को अब नई सरकार से उम्मीद है कि विषय बाध्यता पुनः लागू किया जाए, क्योंकि इसका प्रावधान शिक्षा का अधिकार कानून में भी है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल इस मामले को लेकर विगत एक वर्ष से जिम्मेदार अधिकारियों को यह जानकारी दे रहे है कि सरकारी मीडिल स्कूलों में विशेष विशेषज्ञों की तैनाती जरूरी है, क्योंकि इस बगैर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संभव ही नहीं है। श्री पॉल का कहना है कि कोई भी शिक्षक कोई भी विषय नहीं पढ़ा सकता है। शिक्षकों की भर्ती विषयवार ही किया जाना चाहिए, ऐसा शिक्षा का अधिकार कानून में भी प्रावधान है, लेकिन पूर्व की सरकार ने विषय बाध्यता हटा दिया था, जो समझ से परे है।

### प्रभारी मंत्री विजय शर्मा लेंगे समीक्षा बैठक

भिलाई, 20 जून। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा 21 जून को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अधिकारियों की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे। समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारियों को विभागीय जानकारी के साथ निर्धारित तिथि को एवं समय पर बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# जिलेभर में भाजपा योग दिवस मनाएगी

**राजनांदगांव।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर 21 जून को जिला भारतीय जनता पार्टी पूरे जिलेभर में योग दिवस का आयोजन करने जा रही है। इस हेतु जिला भाजपा के अध्यक्ष रमेश पटेल ने आवश्यक जिम्मेदारियों का वितरण किया व पार्टी कार्यकर्ताओं से योग दिवस के आयोजन को सफलतापूर्वक पूरा करने को कहा है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार योग दिवस के सफल आयोजन के लिये जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुश्री आभा तिवारी को जिले की जिम्मेदारी सौंपकर उन्हे प्रभारी बनाया गया है, इसी प्रकार आयोजन में समन्वय के लिये जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव को समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी की विज्ञप्ति में बताया गया कि सभी मंडलों को योग दिवस आयोजन करने संबंधी निर्देश जारी कर दिये गये है इसी प्रकार जिले में पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ठों को भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी गई है।



### 000000000000

**जामुल।** कलेक्टर के निर्देशानुसार कैच द रैन पानी के संग्रहण एवं बचाव हेतु जागरूकता अभियान के तहत नगर में संचालित एसीसी कम्पनी जामुल के परिसर में एसीसी के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ जागरूकता अभियान किया गया एवं वृक्षारोपण किये जाने हेतु चर्चा की गई साथ-साथ पानी के बचाव हेतु रैन वॉटर हार्वेस्टिग के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के द्वारा जानकारी दी गई । उक्त कार्यक्रम में उपअभियंता, नगर पालिका परिषद जामुल एवं एसीसी कम्पनी के कर्मचारी/अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सिकल सेल से पीड़ित मरीजों को दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने से योजनाओं का लाभ मिलेगा: सांसद

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन विश्व दिवस पर स्वास्थ्य विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सांसद रूपकुमारी चौधरी व अध्यक्षता विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल उपस्थित थे। कार्यक्रम में 13 लाभार्थियों को पहचान कार्ड और 5 हितग्राहियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया तथा सिकल सेल उन्मूलन जागरूकता रथ को हरी झंडी रिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के राष्ट्रीय प्रसारण को देखा गया। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि शासन द्वारा सिकल सेल के उन्मूलन के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। यह खुशी की बात है कि अब सिकल सेल पीड़ितों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिया जा रहा है।

इससे उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी सिकल सेल के मरीज है, उनका परीक्षण कर उपचार आवश्यक है। इसके लिए विकासखण्ड मुख्यालयों पर भी शिविर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षण के पश्चात उनका समुचित इलाज भी आवश्यक है।

# देनदार 56 भवन स्वामियों के विरुद्ध कुर्की वारंट

**भिलाई, 20 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के 56 भवन स्वामियों द्वारा लंबे समय से संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने पर आयुक्त ने कुर्की वारंट जारी करने का निर्देश दिया है। इस कार्य हेतु कुर्की अधिकारी धीरज साहू की नियुक्ति की गई है। सभी देनदारों से संपर्क कर 30 जून तक राशि की वसूली करने के कार्रवाई करेंगे। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम को आर्थिक रूप से सबल बनाने हेतु, संपत्तिकर की वसूली शत प्रतिशत हो इसके लिए समय-समय पर राजस्व करों की वसूली की समीक्षा करते है। इसी दौरान उन्होंने संपत्तिकर विभाग को निर्देशित किये थे, कि लंबे समय से निगम का टैक्स जमा नहीं करने वाले भवन स्वामियों की सूची जोनवार प्रस्तुत करें। सूची के आधार पर जोन-01 नेहरू नगर क्षेत्र के व्यावसायिक एवं आवासीय भवन स्वामी जिसमें विजय जायसवाल/स्व. नंदलाल जायसवाल, मो. अब्बू शहीद/मो.बाकर अशरफी, सुशली मूले/संजय मूले, सी.गर्ग/आई.सी.गर्ग, तुलसी बाई/मधु दलाई, जी.एस.भल्ला/स्व. गुरूचरण सिंह भल्ला, अनुप कुमार/के.एल.बावनसरे, अब्दुल रजाक/मंगल खान, जीतेन्द्र सिंह/दलबीर सिंह, मुबारक निशा/स्व. सिराज खा, कलावती पाण्डेय/स्व. गंगाराम पाण्डेय, खलील अहमद/अब्दुल वहीद, के.ए.खाण्डेकर/स्व. अमृत, लखन लाल भारद्वाज/गोपाल प्रसाद, मुकेश अग्रवाल/राधेश्याम अग्रवाल, विजय चौहान/स्व. बल चौहान, हरि चैहान/विश्वनाथ चैहान, ज्योति अग्रवाल/किशोर अग्रवाल, छोटन चैधरी/रामलाल चैधरी, कालीचरण/स्व. भूखन सिंह, राकेश अग्रवाल/प्रभुदयाल अग्रवाल, रमन्ती देवी/भरत सिंह, करूणा सिंह/दिलराज सिंह, कुन्दन शर्मा/स्व. जगन्नाथ, डॉ. बेनी माघव वेद्य/आशा वैद्य, अवधेश चैहान/जालीम चैहान, गणेश चैहान/स्व. अदालत चैहान, रणजीत सिंह/स्व. अजीत सिंह, रामचन्द्र शर्मा/स्व. प्रयाग शर्मा, संजय चैहान/अदालत चैहान, श्याम कुमारी/रामेश्वर पाण्डे, के. विजयन/केशवन, कौशिल्या देवी/महादेव, पुष्पलता/स्व. भवानी कर, विजय साव/शिवशंकर साव, रामकिशोर ठाकुर/देवचंद, दिलीप कुमार/काशीदास, उम्मुतन निशा/स्व. जान मोहम्मद, वजीर अहमद/अली अखबर, बानो बेगम/युनुश खान, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी/रमाकांत मणि त्रिपाठी, परमेश्वरी विधालय, रूपल चैरसिया/संजय चैरसिया, ममता चैरसिया/संतोष चैरसिया, निरंजन कौर/स्व. दर्शन सिंह, रामचन्द्र वर्मा/रामु वर्मा, सिराज अली/अमीर अली, बुधारू/स्व. हीरा लाल वर्मा, खलील, उर्मिला देवी सोनी/विश्वानाथ सोनी, राजेन्द्र झा/स्व. टी.झा, अंजू कुशवाहा/रवि कुशवाहा, सुरेश कामड़े/स्व. जगलू कामड़े, संगीता पांडे/संजय पांडे, रश्मि साधू/स्व. पी.आर. साधू, इशरा खान/अब्दुल रजक शामिल है। इन भवन स्वामियो द्वारा लंबे समय से संपत्तिकर राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निगम द्वारा सभी भवन स्वामी को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 174 की नोटिस जारी कर 30 जून के भीतर निगम को देय लंबित राशि का भुगतान करने को कहा गया था। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद आयुक्त ने उन सभी 56 भवन स्वामियो के विरूद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन शक्ति पत्र कुर्की वारंट जारी कर कुर्की अधिकारी, को आदेशित किये है कि उक्त भवन स्वामियो से 30 जून तक निगम को देय लंबित राशियों का वसूली कर निगम कोष में जमा कराये। निर्धारित राशि 30 जून तक जमा नही करने वाले प्रतिष्ठानो एवं दुकानो पर ताला बंदी की जाएगी।

# महापौर धीरज बाकलीवाल ने 10 लाख की लागत से बन रहे डामरीकरण सड़क का निरीक्षण किया

**दुर्ग,20 जून ।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को महापौर धीरज बाकलीवाल ने 10 लाख की लागत से हो रहें वार्ड क. 23 में मालवीय नगर चौक से एवलॉन होटल तक सड़क डामरीकरण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया उन्होंने अफसरों से कहा कि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के साथ रोड पर पानी का जमाव न हो इसके लिए स्लोप मेंटेन पर लापरवाही नहीं बरती जाए। महापौर धीरज बाकलीवाल के संग एमआईसी सदस्य संजय कोहले, दीपक साहू,मनदीप सिंह भाटिया व वार्ड पार्षद मीणा सिंह,उपअभियंता विकास दमाहे एवं ठेकेदार मौजूद थे।डामरीकरण कार्य 10 लाख की लागत से किया जा रहा है।करीब 200 मीटर लंबी सड़क का डामरीकरण प्रारंभ किया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।उन्होंने साफ कहा कि डामरीकरण कार्य को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।महापौर ने कहा कि काफी समय से वार्ड पार्षद श्रीमती मीना सिंह व क्षेत्रीय नागरिक इस सड़क का डामरीकरण कराने की मांग कर रहे थे। यह कार्य पूरा होने पर यहां से आने-जाने वाले हजारों लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी।महापौर श्री बाकलीवाल ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी सूरत में समझौता नहीं किया जाना चाहिए।उन्होंने ठेकेदार को साफ शब्दों में कहा कि वार्ड क्रमांक 23 मालवीय नगर से स्टेशन जाने वाली मार्ग पर डामरीकरण की क्वालिटी बेहतर रखने सख्त निर्देश दिए एवम समय-समय पर सड़क की गुणवत्ता काआकस्मिक निरीक्षण करेंगे।महापौर धीरज बाकलीवाल ने उक्त सड़क निर्माण कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया।उन्होंने कहा वार्ड सड़क डामरीकरण कार्य से 250 से अधिक परिवार लाभांवित होंगे।

# अप्सरा टॉकीज को नोटिस जारी,15 दिवस के भीतर टैक्स जमा नहीं करने पर होगी तालाबंदी की कार्वाही

**दुर्ग, 20 जून।** नगर पालिक निगम। बकाया टैक्स वसूली के लिए दुर्ग नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा अभियान अब टैक्स वसूली में गति पकड़ने लगा है।शहर के बड़े कारोबारियों से बकाया कर वसूली को लेकर उनके साथ ही बैठक की जा रहीं है।बैठक में ऐसे बकायादारों को जून में टैक्स का भुगतान कर छह प्रतिशत छूट का लाभ पाने प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं निर्धारित लक्ष्य से कम राजस्व वसूली करने वाले चार सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किया गया है।वित्तीय वर्ष में राजस्व वसूली का कार्य दुर्ग नगर निगम स्वयं कर रही है। इस कड़ी में पिछले दिनों निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने निगम के उप राजस्व निरीक्षको और सहायक राजस्व निरीक्षकों की बैठक ली गई थी। जिसमें उन्होंने प्रतिदिन वसूली का टॉरगेट तय कर सभी बकायादारों के घर-घर जाकर राजस्व वसूली करने निर्देशित किया गया था।सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोईर के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षकों के साथ घूम-घूमकर ऐसे बड़े बकायादारों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाही शुरू कर बकाया वसूलने का अभियान और भी तेज कर दिया गया है।सभी टैक्स अदा न करने वालो के खिलाफ अब नोटिस जारी किया जाएगा!नगर निगम मुख्य कार्यालय व वार्ड जोन कार्यालय के संपत्तिकर काउंटर अवकाश दिनों में आधे दिन खुले रखने के निर्देश आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व विभाग को दिए हैं।नागरिक अवकाश अवधि में भी निर्धारित स्थान पर उपस्थित होकर निगम संबंधी देय करो का भुगतान कर सकते हैं।होंडा शो रूम के संचालक द्वारा 2.5 लाख रुपये कल तक भुगतान करने की बात कही।इस समय सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा अप्सरा टॉकीज पहुँचकर मैनेजर को जल्द से जल्द टैक्स भुगतान करने के लिए कार्रवाही करते हुए अप्सरा टॉकीज के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए।15 दिन का समय दिया गया है। निर्धारित समयावधि के भीतर 35 लाख का जमा नही करने पर नगर निगम द्वारा तालाबंदी की कार्रवाही की जाएगी।साथ ही जायजा के दौरान सत्यम बेकरी के संचालक द्वारा जल्द टैक्स की राशि जमा करने की बात कही गई है। बाकी दुकानदारों द्वारा बकाया राशि 7 दिवस के अंदर भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। वही सराफा लाइन के करदाताओ से संपर्क किया गया।आज बुधवार दिनांक 19 जून कुल राशि वसूली - 745139 किया गया।आपको बता दे कि 19 दिनों के जून माह की कुल वसूली - 6588095 किया गया है।नगर निगम द्वारा कालोनी के पदाधिकारियों को कॉल करके टैक्स का भुगतान करने पर 6त्न लाभ की जानकारी दे रही है।राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता व सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर ने बताया कि निगम का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। राजस्व वसूली में तेजी लाने सहायक राजस्व निरीक्षकों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है,निर्धारित लक्ष्य से कम वसूली करने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब देने कहा गया है। जिन सहायक राजस्व निरीक्षकों को नोटिस जारी किया गया है ।

एक नजर

## जल जीवन मिशन ने आसान किया ग्राम माहुलझोपड़ी की महिलाओं का जीवन

**राजनांदगांव 20 जून।** डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत गिरगांव के आश्रित ग्राम माहुलझोपड़ी में कभी गांव की महिलाएं सिर पर रखकर मटका रखकर पानी भरने जाती थी, तो कभी पानी के लिए हैंडपंप के सामने लम्बी कतार लगाया करती थी। लेकिन स्थिति अब बिल्कुल बदल गई है। महिलाओं को अपनी इस परेशानी से मुक्ति मिली, शासन की लोककल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन से। जल जीवन मिशन से ग्रामीण महिलाओं का जीवन आसान हुआ, उन्हें राहत मिली और समय की बचत हुई है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव में डिस्ट्रीब्यूशन 1000 मीटर की पाइप लाइन बिछाकर गांव के कुल 42 परिवारों को घर में नल से स्वच्छ जल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराई जा रही है। आज माहुलझोपड़ी की सभी महिलाएं खुश हैं, क्योंकि अब उन्हें हैंडपंप तथा कुंए



के सामने लाइन नहीं लगानी पड़ती। आज लगभग जिले के सभी ग्रामों में जल जीवन मिशन के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है और इसके बारे में बताया जा रहा है। सरपंच श्री कुमान सिंह नेताम अपने पहले के अनुभवों को साझा करते हुए बताते है कि किस प्रकार गांव में पहले ग्रामीणों को पानी भरने के लिए बहुत दूर जाना पड़ता था। हैंडपंप व कुंआ पर निर्भर रहने के कारण समय बहुत समय लगता था। किन्तु जल जीवन मिशन से गांव के हर घर में टेप कनेक्शन मिलने से ग्रामीणों के समय की बचत हो रही है और वह सुरक्षित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इसी प्रकार माहुलझोपड़ी के ग्रामीणों की दशा में सुधार हुआ है। वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 की निवासी श्रीमती देवकी बाई वर्मा तथा श्रीमती कौशल्या बाई बताती है कि उन्हें पानी के लिए दूर-दूर तक जाना पड़ता था, पानी के लिए लम्बी लाइन लगाना, बोरिंग एवं कुआं पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन अब जल जीवन मिशन के आने से उन्हें घर पर ही नल के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में शुद्ध पानी मिल रहा है। गांव के प्रत्येक घर को नल और जल से जोडने़ की योजना से गांव का सूखा खत्म होने लगा है। जल जीवन मिशन योजना अब तेज गति से आगे बढ़ी है, जिससे पूरे गांव में हर्ष का माहौल है।



# मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों ने सांसद बनने पर बृजमोहन अग्रवाल को किया सम्मानित

**रायपुर, 20 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री बृजमोहन अग्रवाल को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री अग्रवाल को सांसद निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री बृजमोहन अग्रवाल देश में सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसदों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल द्वारा छत्तीसगढ़ के विकास के लिए किए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा की वे सतत रूप से आम जनता की सेवा करते आ रहे हैं। जनता ने उन्हें ढेर सारा प्यार दिया है। इस बार उन्होंने रिकार्ड मतों से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतकर जनता के बीच अपनी लोकप्रियता साबित की है। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा सहित मंत्री परिषद के सदस्यों ने श्री अग्रवाल को सम्मानित किया। श्री बृजमोहन अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि आप लोगों के साथ मेरा हमेशा आत्मीय और अटूट रिश्ता रहेगा। उन्होंने सम्मान के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## सामूहिक जिम्मेदारी से दूर होगी सिकल सेल, एनीमिया की बीमारी : मुख्यमंत्री

**रायपुर, 20 जून**

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश 2047 तक विकसित भारत का रूप ले लेगा और इसी दौरान भारत से सिकल सेल एनीमिया की बीमारी भी पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज अटल बिहारी वाजपेयी आडिटोरियम, मेडिकल कालेज, रायपुर में विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर अपना संबोधन दे रहे थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विश्व सिकल सेल दिवस पर सिकल सेल की स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम में शामिल होकर सिकल सेल जागरूकता रथ को रवाना न होने पाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी समुदाय के लोग सिकलसेल एनीमिया से ज्यादातर पीड़ित हैं। इन पीड़ित मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग और आदिम जाति विकास विभाग के सहयोग से जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सिकलसेल के लिए राष्ट्रीय स्तर का रिसर्च सेंटर प्रारंभ करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है ताकि प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया बीमारी से और बेहतर तरीके से बचाव किया जा सके।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों के लक्षित 1 करोड़ 77 लाख 69 हजार 535



किया और सिकल सेल से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सिकल सेल पीड़ितों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया और बस्तर के दूरस्थ क्षेत्रों में भी जागरूकता फैलाने के लिए सिकल सेल की जानकारी देने वाली हल्बी और गोंडी भाषा की पुस्तिका का विमोचन किया।

इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री राम विचार नेताम ,शिक्षा मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, वन मंत्री श्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सिकल सेल की जाँच और परीक्षण आवश्यक रूप से कराना चाहिए और इसकी रोकथाम के लिए सभी को जागरूक होना आवश्यक है द्य विवाह के पूर्व सभी महिला और पुरुष को सिकलसेल की जाँच करानी चाहिए और दोनों के पीड़ित होने पर शादी नहीं करनी चाहिए ताकि आनुवंशिक रूप से यह बीमारी अगली पीढ़ी मे स्थानांतरित

सिकल सेल स्क्रीनिंग के विरूद्ध कुल 1 करोड़ 11 लाख 06 हजार 561 स्क्रीनिंग कर लिया गया है द्य इस परीक्षण में 1 करोड़ 06 लाख 24 हजार 245 स्क्रीनिंग निगेटिव पाए गए है। स्क्रीनिंग में 2 लाख 90 हजार 663 वाहक पाये गये हैं तथा 22 हजार 672 को बीमारी प्राप्त हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदिम जाति कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल एनीमिया को छत्तीसगढ़ से पूरी तरह खत्म करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग मिलकर इस बीमारी को खत्म करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का यह संकल्प है कि प्रदेश को स्वस्थ और विकसित प्रदेश बनाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम में प्रदेश में कार्यरत मितानिन बहनों की अहम भूमिका का उल्लेख किया।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण करने आयुक्त ने अफसरों को दिए निर्देश



**राजनांदगांव 20जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर निगम राजनांदगांव में प्रधानमंत्री आवास योजना का लोगों को अधिक से अधिक लाभ देने नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता द्वारा समय समय पर योजना के कार्यो की समीक्षा की जा रही है, समीक्षा में उनके द्वारा आवास योजना की प्रगति की जानकारी लेकर निर्माणाधीन आवासों का फिल्ड में जाकर निरीक्षण करने तथा हितग्राहियों को समय पर आवास का लाभ देने संबधित अधिकारियों को निर्देश दिये है। आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके ने योजना से जूडे अधिकारियों को वार्डो में जाकर आवास का स्थल निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। निर्देश के अनुक्रम में योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती गरिमा वर्मा एवं आवास योजना के संबंधित सीएलटीसी सिविल इंजीनियर अंकुर मिश्रा सामाजिक विशेषज्ञ ललित मानकर संबंधित आवासों के वास्तुविदों के साथ योजना के घटक बी?एल?सी मोर जमीन मोर मकान के निर्माणाधीन एवं निर्मित पूर्ण आवासों के निरीक्षण हेतु निकाय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले के विभिन्न वार्डो में पहुंचकर आवास योजना के निर्माण की गुणवत्ता को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने का कार्य कर रहे है। इसी तारतम्य में सहायक नोडल अधिकारी श्रीमती वर्मा एवं आवास की टीम हितग्राही द्वारा कर रहे स्वयं से आवास निर्माण का जायजा लेकर हितग्राहियों से व्यक्तिगत चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण के संबंध में योजना के नियमो की जानकारी उपलब्ध कराई जा रहा है और आवास निर्माण पर उन्हें चरणबद्ध भुगतान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना का उदेश्य सर्वसुविधायुक्त स्वयं का पक्का आवास प्रदान करना है। जिसके लिये आवास निर्माण पर चरणबद्ध भुगतान किया जाता है। चरणबद्ध स्तर पर आवास निर्माण करने पर जियोटैगींग करने के बाद चार किस्तों में हितग्राहियों के खाते में शासन के निर्देशानुसार आधार बेस भुगतान किया जाता है। सर्वप्रथम आवास निर्माण करने पर पहली किस्त नींव खनन स्तर पर, द्वितीय किश्त छज्जा स्तर पर, तृतीय किश्त छत ढलाई करने पर एवं चौथी एवं अंतिम किश्त आवास पूर्ण होने पर जारी की जाती है। आवास योजना के कार्यो में गति लाने निगम आयुक्त श्री गुप्ता द्वारा योजना से जुडे अधिकारियों को प्रगति की जानकारी देने निर्देशित किया गया।

### दो साल पूर्व छीरपानी तालाब में डूबने से हुई थी मौत, अब तक नही हुई शिनाख्ती

**डोंगरगढ़,20 जून।** 3अक्टूबर 2022 को डोंगरगढ़ के छीरपानी तालाब में एक अज्ञात की डूबने से मौत हो गई थी किन्तु अब तक इसकी पहचान नहीं हो पाई है ना ही इनके किसी परिजन ने अब तक



थाना डोंगरगढ़ में संपर्क किया है। मृतक की उम्र लगभग 40 वर्ष है, रंग सांवला,चेहरा लंबा, दाढ़ी व मूंछ काला क्रीम कलर का शर्ट पहना हुआ है। जिस किसी को भी इनके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो वो थाना डोंगरगढ़ 9479192111, पुलिस कंट्रोल रूम 07744286622 या फिर पुलिस कार्यालय राजनांदगांव के 07744226399 में सूचना दे सकते है।

# विवाह के पूर्व सिकल कुंडली का करें जरूर मिलान : कलेक्टर

**राजनांदगांव 20 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में सिकल सेल की स्क्रीनिंग एवं जागरूकता के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सिकल सेल बीमारी की पहचान, सिकल सेल एनीमिया के लक्षण, निदान एवं रोकथाम के लिए जन जागरूकता लाने के लिए जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित थी। इस अवसर पर नेशनल कान्क्लेव अवेयरनेस जेनरेशन ऑन सिकल सेल डीजिज एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। जिला पंचायत परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निश्शुल्क सिकल सेल जांच शिविर आयोजित किया गया। जांच शिविर में अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उपस्थित नागरिकों ने जांच कराई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिला स्तरीय विश्व सिकल सेल कार्यक्रम में निश्शुल्क स्क्रीनिंग किए जा चुके 5 हितग्राहियों को सिकल सेल पहचान कार्ड वितरित किया। इस पहचान पत्र से उन्हें सिकल सेल रोग का समुचित इलाज का लाभ मिलेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि शासन द्वारा प्रत्येक व्यक्ति का निश्शुल्क सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जांच की जा रही है। जिससे लोगों को सही समय पर ईलाज एवं दवाईयां उपलब्ध करा सके। इस बीमारी के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सही समय पर स्क्रीनिंग एवं जांच होने पर सिकल सेल की बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता




है लेकिन सिकल सेल रोग में यह कार्य बाधित हो जाता है। यह एक अनुवांशिक रोग है। इसकी सही समय पर जांच कराने और नियमित दवाईयां लेने से नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विवाह कराने के पहले सिकल कुंडली का जरूर मिलान करना चाहिए। किसी भी बीमारी का सही समय में जांच होने पर समाधान निकलता है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि सिकल सेल बीमारी होने पर मरीज को बहुत सारी समस्याएं होती हैं। यदि समय पर पता चल जाए तो उसे नियमित दवाई लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के लक्षण दिखाई देने पर समय रहते जांच करानी चाहिए। जिससे सही समय पर ईलाज हो सके। किसी के घर में कोई बीमार व्यक्ति रहता है तो पूरा परिवार परेशान रहता है। शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि जब तक समस्या का पता नहीं चलेगा उसका समाधान नहीं हो सकता। इसके लिए जांच कराना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जांच कराने से बीमारियों का पता चल जाता है और इसका सही समय पर समाधान निकल जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में 3 लाख से अधिक लोगों का स्क्रीनिंग करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल बीमारी के संबंध में जनसामान्य जागरूक होंगे तो यह समस्या कम हो जाएगी। इसके लिए सावधानियां बरतने कहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने सिकल सेल बीमारी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाली बीमारी है। इस रोग में गोलाकार हीमोग्लोबीन हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। उन्होंने बताया कि सिकल सेल होने पर भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन, बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शरीर में दिखाई देने लगते हैं। उन्होंने कहा कि सिकल सेल के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निश्शुल्क सिकल सेल जांच करा सकते हैं। सिकल सेल के मरीजों के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में हाइड्रोक्सीयूरिया दवाई निश्शुल्क उपलब्ध है। विवाह पूर्व सिकल सेल जांच अवश्य कराना चाहिए। 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्त्यिों की सिकल सेल जांच व उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निश्शुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग सुश्री दिक्षा गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, मितानीन तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## सुई के छेद मात्र से राज्य में पहली बार वेसलप्लास्टी कर 79 वर्षीय महिला मरीज को नॉन हीलिंग वर्टेब्रल कंप्रेशन फ्रेक्चर से दिलाई राहत

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर. 20 जून।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित रेडियोलॉजी विभाग के द्वारा राज्य में पहली बार नॉन हीलिंग वर्टेब्रल कम्प्रेशन फ्रैक्चर (रीढ़ की हड्डी के फ्रैक्चर) से पीड़ित 79 वर्षीय बुजुर्ग महिला की वेसलप्लास्टी कर रीढ़ की हड्डी के तकलीफ एवं दर्द से निज़ात दिलाई। मरीज को विगत कई महीनों से दवा के सेवन से भी आराम नहीं मिल रहा था। इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. (प्रो.) विवेक पात्रे के नेतृत्व में किये गये इस उपचार प्रक्रिया में सुई की एक छेद के जरिये बोन फिलिंग बैलून कंटेनर सिस्टम के माध्यम से रीढ़ के हड्डी के अंदर छिद्रयुक्त बैलून में नीडिल की सहायता से बोन सीमेंट इंजेक्ट कर वर्टेब्रल कम्प्रेशन से राहत दी गई। यह राज्य का पहला वेसलप्लास्टी है जिसमें पिन होल तकनीक से बीमारी का उपचार किया गया। वर्टेब्रल कम्प्रेशन में रीढ़ की हड्डी एक तरह से टूट जाती है या संपीडित (दब) हो जाती है। स्पाइन के कैंसर की बीमारी



में भी कंप्रेशन फ्रैक्चर हो जाता है। आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ हड्डियां कमजोर हो जाती हैं, तब हल्के सी चोट से भी यह दिक्कत हो जाती है। यह बीमारी या समस्या ज्यादा दिन तक रहने पर स्पाइनल कैनाल के अंदर स्थित स्पाइनल कॉड को दबा देती है जिससे कमर के नीचे का हिस्सा काम करना बंद कर देता है और मरीज को लकवा हो जाता है। केस के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए डॉ. विवेक पात्रे बताते हैं कि वेसलप्लास्टी की सुविधा इससे पहले केवल महानगरों के बड़े अस्पतालों में ही होती थी लेकिन यह पहली बार है जब राज्य के किसी अस्पताल में इस प्रकार की नई तकनीक से वेसलप्लास्टी की गई है। महिला को डी (डॉर्सल)12 वर्टेब्रल फ्रैक्चर था जिसके कारण पिछले 9 महीने से असहनीय दर्द के कारण परेशान थी और एक महीने से वह बैठ नहीं पाती थी। सुई की छेद से की गई पूरी प्रक्रिया के बाद महिला आधे घंटे के बाद बैठने में समर्थ हो गई और उसे उसी दिन डिस्चार्ज कर दिया गया। हालांकि इतने अधिक उम्र के मरीजों में कोई भी प्रक्रिया काफी जोखिम भरा रहता है फिर भी रिस्क लेते हुए हमारी टीम ने इस प्रक्रिया के लिए तैयारी की। हमारे पास इस प्रक्रिया के लिए बीच के तीन मिनट बेहद अहम होते हैं जब पॉलीमेथिल मेथाक्रिलेट यानी बोन सीमेंट को तैयार कर तीन मिनट के भीतर ही इंजेक्ट करना रहता है क्योंकि यदि इसमें देरी की गई तो बोन सीमेंट बाहर के वातावरण में तुरंत ठोस अवस्था में परिवर्तित हो जाता है।

# रेल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरतने की जरूरत:आईजी

**राजनांदगांव,20 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**


रेंज आई.जी. श्री दीपक कुमार झा द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागार में रेलवे सुरक्षा समिति का समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनंदगांव श्री राहुल देव शर्मा, आरपीएफ डोंगरगढ़ निरीक्षक श्री प्रशांत अन्डक, जीआरपीएफ डोंगरगढ़ उप निरीक्षक श्री हरिश शर्मा, सहायक उप निरीक्षक पुलिस चौकी प्रभारी (जी.आर.पी.) राजनंदगांव श्री मनोहर राव ठाकरे, एवं थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक श्री सी.आर. चंद्रा, उप निरीक्षक थाना कोतवाली राजनांदगांव श्री धनीराम नारंगे मौजूद रहें। राजनांदगांव रेंज आई.जी. श्री दीपक कुमार झा ने कहा की पटरी पर शव मिलने की स्थिति में किसी भी तरह के सीमा विवाद को समाप्त करने के लिए पुलिस को अहम निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा है कि पटरी पर शव की सूचना पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल आवश्यक बंदोबस्त करें। साथ ही जीआरपी व आरपीएफ के समन्वय से आगे की विधिक प्रक्रिया को पूरा कराया जाये। यह सुनिश्चित किया जाये कि ऐसी



किसी भी स्थिति में रेल का आवागमन बाधित न हो। सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर अधिक सतर्कता बरते जाने की बात कही गई। रेल्वे स्टेशनों में मादक पदार्थों एवं मानव तस्करी रोकथाम हेतु जी.आर.पी., आर.पी.एफ. एवं जिला बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर कार्यवाही करें तथा रेल्वे कॉलोनियों एवं स्टेशन के आस-पास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता हैं जिससे अपराध घटित होने की प्रबल संभावना रहता है ऐसे क्षेत्र चिन्हांकित कर जिला पुलिस बल एवं रेल्वे पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा युवक/युवतियों को रेल्वे के माध्यम से नौकरी दिलाने मजदूरी के नाम से एवं अन्य कार्य हेतु बाहर ले जाते है। मानव तस्करी की घटना को रोकने हेतु जी.आर.पी., आर.पी.एफ. एवं जिला पुलिस बल के साथ संयुक्त टीम बनाकर ऐसे प्लेसमेंट एजेंसियों की गतिविधियों पर सतत् निगाह रखते हुये उनके विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करें रेल्वे स्टेशन में किसी अप्रिय बड़ी घटना की स्थिति से निपटने के लिये जी.आर.पी., आर.पी.एफ.एवं जिला पुलिस बल व रेल्वे के रिस्पांस टाईम आदि पर ध्यान रखने हेतु मॉक ड्रिल आवश्यक रूप से कराया जावें। इस तरह की कार्यवाही समय-समय पर किये जाने से आकस्मिक घटना घटित होने की स्थिति में कर्तव्यस्त् अधिकारी/कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों के अनुसार कार्यवाही करने में सुविधा होगी। रेल्वे संपत्ति की चोरी की वारदात रोकने हेतु रेल्वे लाईन में नियमित रूप से गश्त एवं पेट्रोलिंग कराया जावें। रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। प्लेटफार्म में सीसीटीवी कैमरे प्राथमिकता के आधार पर लगवाये जाये। साथ ही यहां ड्यूटी करने वाले कर्मचारी से फीडबैक लेते रहें। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों व उनके सामानों की चेकिंग के लिए लगे सुरक्षा-उपकरणों को भी देखा जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी उपकरण चालू हालत में हो। ट्रेन एवं रेलवे स्टेशन में मोबाइल चोरी रोकने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियत्रंण के लिए त्वरित कार्रवाई करने निर्देश दिया गया साथ ही रेलवे स्टेशन के आसपास नशा का सामान परिवहन करने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही करने व नशा करने वालों को जागरूकता अभियान चलाकर समझाईस देने हिदायत दिया गया।

## एसपी के निर्देश पर जिले में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम की हुई बैठक

**राजनांदगांव,20 जून।** दिनांक 18.06.2024 को राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा के नेतृत्व में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम की बैठक ली गई। जिसमें सोशल मीडिया (फेसबुक, व्हाट्सएप, इन्स्टाग्राम, टेलीग्राम, ट्वीटर आदि) पर धार्मिक,



सामाजिक, राजनैतिक व विभिन्न प्रकार के ग्रुपों और व्यक्तियों द्वारा अफवाह फैलाने वालों को चिन्हाकिंत करने के निर्देश दिए गये। मीटिंग में खासतौर पर धार्मिक उन्माद फैलाने, जातिगत टिप्पणी, फोटो-वीडियो, मैसेज वायरल करने वालों पर निगाह रखने और समय रहते त्वरित कार्रवाई करने, पोस्ट डिलीट करवाने, ग्रुप एडमिन को सचेत करने एवं इस तरह सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी प्रकार की भ्रांति या अप्रिय घटना घटने की संभावना हो तो समय रहते पोस्ट करने वाले एवं एडमिन की पहचान कर उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये। मीटींग में सायबर सेल प्रभारी श्री जितेन्द्र वर्मा, डीएसबी शाखा प्रभारी निरीक्षक राजेश साहू एवं जिले के समस्त थाना/चौकी/ के सोशल मीडिया मॉनिटरिंग टीम के अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

## संपादकीय

# बैशाखी समझ रहे थे, मजबूत पिल्लर निकले

राजनीति में अक्सर यही समझने व समझाने की कोशिश की जाती है कि अतीत में ऐसा हुआ था इसलिए वर्तमान में भी ऐसा ही होगा। कई बार अतीत व वर्तमान की स्थिति अलग अलग होती है पर उसे समान समझा जाता है, इसलिए अतीत के आधार पर जो अनुमान लगाए जाते हैं, वह गलत भी साबित होते हैं। यह सच है कि अतीत में जो साझा सरकार बनीं है, वह कमजोर रही हैं तथा उनके कारण देश का विकास दो तीन दशक तक प्रभावित रहा है,देश में राजनीतिक स्थिरता नहीं रही। हर समय यह आशंका बनी रहती थी कि यह सरकार आज गिर जाएगी, कल गिरेगा, इस सप्ताह गिर जाएगी और कई सरकारें आपसी मतभेद, अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए गिराई भी गई हैं। मोदी सरकार भी गठबंधन सरकार है लेकिन यह वैसी गठबंधन सरकार नहीं है जैसी गठबंधन सरकारें मनमोहन सिंह या अटल बिहारी बाजपेयी की रही हैं। तब सरकार को झुकना इसलिए पड़ता था कि उसे बहुमत से बहुत कम सीटें मिला करती थी। वह ज्यादा दलों पर निर्भर रहा करती थी। मोदी सरकार पुरानी गठबंधन सरकारों से इसलिए अलग है कि उसको बहुमत से मात्र 32 सीटें कम मिली हैं। अगर कभी सरकार गिरने की नौबत आ भी जाती है तो सरकार के लिए 32 सीटों का जुगाड़ करना कोई बड़ी बात नहीं है। इंडी गठबंधन के दलों से ही यह जुगाड़ किया जा सकता है। भाजपा की स्थिति इतनी मजबूत है कि किसी एक दल के साथ छोड़ने से सरकार गिरनेवाली नहीं है। नायडू व नीतीश के एक साथ छोड़ने पर ही सरकार के गिरने की नौबत आ सकती है। दोनों साथ तब ही छोड़ सकते हैं जब कोई मजबूत सरकार देश में कोई बनाता दिखे। कांग्रेस ऐसी पार्टी हो सकती थी लेकिन वह खुद सौ से नीचे हैं। उस सरकार बनाने के लिए कई दलों के सहयोग की जरूरत होगी। कई दलों के साथ राज्यों में उसकी लड़ाई भी है। जैसे ममता बैनर्जी वह केंद्र की राजनीति में तो कांग्रेस व गठबंधन के साथ है लेकिन राज्य की राजनीति में वह कांग्रेस की विरोधी है। इसी तरह माकपा है, आप है। इंडी गठबंधन ने कोशिश की लेकिन नायडू व नीतीश ने ज्यादा मजबूत सरकार भाजपा की बनेगी यह सोचकर वह भाजपा के साथ हैं और आगे भी रहेंगे कि उनकी दिलचस्पी राज्यों की राजनीति में है, भाजपा उनका सहयोग राज्य की राजनीति में करेगी तो वह भाजपा का सहयोग केंद्र की राजनीति में करेंगी। यह बात तीनों के बाच हो चुकी है, इसलिए पीएम मोदी के सब करने में सफल रहे हैं जिससे उनकी सरकार मजबूत सराकर दिखे। पीएम मोदी ने मंत्रिमंडल में जगह दलों को उतनी ही दी जितनी वह चाहते थे। जिन मंत्रालयों को वह अपने पास रखना चाहते थे, वह अपने पास रखने में सफल रहे हैं। टीवी डिबेट में टीडीपी व जेडीयू के नेताओं से बार बार पूछा गया कि क्या मंत्रिमंडल में मिली जगह से संतुष्ट है, क्या वह चाहते हैं कि स्पीकर भी भाजपा का बने तो दोनों दलों के नेताओं ने तो कहा वह यादगार है। उन्होंने टीवी के एंकर से कहा कि यह जो आप कह रहे हैं कि बैशाखी पर चलने वाली कमजोर सरकार है। यह कहना बंद करिए क्योंकि टीडीपी व जेडीयू एनडीए की बैशाखी नहीं है, वह एनडीए के मजबूत पिल्लर हैं। इसलिए इसे पुरानी गठबंधन सरकारों की तरह कमजोर मत समझिए। यह मजूबत सरकार है। देश हित में पहले की तरह मजबूत फैसले करेंगी। वाकई में विपक्ष जो एनडीए की सरकार को दूसरी गठबंधन की तरह कमजोर सरकार समझ रहा था,वह उसकी गलत अनुमान निकला है, विपक्ष जिसे बैशाखी समझ रहा था,वह तो अब तक मजबूत पिल्लर साबित हुए हैं। अब विपक्ष इंतजार कर रहा है कि भाजपा अपना स्पीकर बना पाती या नहीं। विपक्ष ने स्पीकर को लेकर टीडीपी व जेडीयू को खूब भड़काने की कोशिश की गई कि स्पीकर आपका नहीं रहा तो भाजपा आपके दल को तोड़ने की कोशिश कर सकती है लेकिन टीडीपी व जेड़ीयू विपक्ष के झांसे में नहीं आए वह समझ गए इस तरह विपक्ष भाजपा व उनके बीच शक पैदा करना चाहता है। भाजपा भी जानती है कि किसी दल या दलों पर ज्यादा दिन निर्भर रहना ठीक नहीं है, इसलिए उसकी कोशिश भी होगी कि किसी तरह बहुमत का जुगाड़ कर लिया जाए ताकि पिछली दो बार की तरह मजबूत सरकार चलाई जा सके। इसके लिए भाजपा को कुछ महीने चाहिए। इस दौरान भाजपा खुद कुछ ऐसा नहीं करेंगी जिससे टीडीपी व जेडीयू उसके साथ छोड़कर चले जाएं। जो सांसद किसी पक्ष में नहीं है, उनको भाजपा अपने पक्ष में लाकर भी अपनी स्थिति को संसद के भीतर मजबूत कर सकती है।

शोषण

मनोज कुमार अग्रवाल

# बेरोजगार लड़कियों को जिस्मफरोशी में धकेलने वाले समाजकंटक!



देश में लड़कियों को विभिन्न माध्यमों से ब्लेकमेल कर उनका यौन शोषण करने और अनैतिक कार्य के लिए मजबूर करने के कुचक्र को कुछ समाजकंटक भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं के गठजोड़ से चला रहे हैं। हाल ही में बिहार के मुजफ्फरपुर से सामने आ रहे एक समाचार से देश में बेरोजगार बच्चियों को नौकरी देने की आड़ में देह शोषण करने के बेहद शमर्नाक धंधे का भंडाफोड़ हुआ है।इस शमर्नाक रैकेट में मुजफ्फरपुर में नौकरी का झाँसा देकर करीब 200 लड़कियों के यौन शोषण का मामला सामने आया है। बता दें कि बिहार पहले से ही बेरोजगारी और पलायन की समस्या से जूझ रहा है क्योंकि यहाँ उद्योग-धंधों की कमी है। कुछ समाजकंटको ने इसी समस्या को अपराध के लिए हथियार बना लिया और एक कंपनी खोली। अहियापुर इलाके में 180 लड़कियों को नौकरी दिए जाने के नाम पर बंधक बनाया गया। उनके साथ मारपीट हुई, उनका यौन शोषण किया गया।ये वही मुजफ्फरपुर है जहाँ से ह्यबालिका गृह कांडह्न की घटना सामने आई थी। इस पर एक मुंबईया फिल्म ह्यभक्षकह्न भी बनाई गई थी । वहाँ 34 बच्चियों के यौन शोषण का मामला सामने आया था। संचालन ब्रजेश ठाकुर एक स्थानीय अखबार भी चलाता था। अब इसी मुजफ्फरपुर में हुई वारदात को लेकर छपरा की एक पीड़िता ने मामला दर्ज कराया है। डीवीआर नामक कंपनी ने फेसबुक पर लड़कियों के लिए जॉब ऑफर पोस्ट किया था और वो इससे जुड़ी। अप्लाई करने के बाद चयन हुआ और उससे प्रशिक्षण के नाम पर 20,000 रुपए माँगे गए।

अहियापुर थाना क्षेत्र स्थित बखरी के पास ही पैसा जमा किए जाने के बाद कई लड़कियों को रखा गया था। 3 महीने बीतने के बाद भी इन्हें वेतन नहीं दिया गया, जिसके शिकायत इन लड़कियों ने कंपनी के मैनेजर तिलक सिंह से की। पीड़िता को इसके बाद 50 और लड़कियों को कंपनी से जोड़ने के लिए कहा गया और वादा किया गया कि इसके बाद उसकी सैलरी 50,000 रुपए हो जाएगी। उस दौरान पुलिस ने कंपनी के दफ्तर व हॉस्टल पर छापेमारी की, तिलक सिंह कई लड़कियों को लेकर हाजीपुर शिफ्ट हो गया और वहाँ उसने पीड़िता से शादी कर डाली।

रिपोर्ट के अनुसार मुजफ्फरपुर में रहने के दौरान भी उसने पीड़िता के साथ जबरन यौन संबंध बनाया था और उसका गभर्पात भी करा दिया था। हाजीपुर में जब वो मौके जाने की जिद करती तो उसे पीटा जाता था। बौरिया क्षेत्र में उसे कुछ आपसी दिए गए और कहा गया कि अब तुम आजाद हो। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को बंधक बनाया जाता है, वो भागने न पाए इसके लिए मुस्तंडों को तैनात रखा जाता है। लड़कियों से उनकी रिश्तेदारी व जान-पहचान में स्थित अन्य लड़कियों को फोन कॉल करवाए जाते हैं, उन्हें भी जॉब का ऑफर देकर उनका यौन शोषण होता है।

लड़कियों को मुँह खोलने पर उनके परिजनों की हत्या की धमकी दी जाती है। कंपनी विज्ञापन में लिखती थी कि ये नौकरी सिर्फ लड़कियों के लिए ही है और मोटी सैलरी की पेशकश की जाती थी। बेल्ट से एक लड़की की पिटाई का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने ़ह्रक्कदर्ज कर ली है, आगे की जाँच की बात कही जा रही है। पीड़िता ने बताया कि लड़कियों को कॉल करना सिखाया जाता था। पीड़िता ने बताया कि उसके फोन में कई सबूत थे, आरोपितों ने उसका फोन भी तोड़ डाला, उसे फॉर्मेट कर दिया।

एक ओर देश प्रदेश की सरकारों द्वारा बेटी पढाओ बेटी बचाओ का नारा दिया जाता है दूसरी ओर आए दिन इस तरह की संगठित सिंडिकेट बना कर भोली भाली लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर उनका मानसिक शारीरिक आर्थिक शोषण कर जीवन नर्क बनाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। क्या अब यत्र नारी पूज्यन्ते तत्र रमन्ते देवता की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट भ्रष्ट कर दैहिक व्यभिचार का नर्क बनाया जाएगा। देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं बचा, जिसमें कोई न कोई विकृति घोटाला या हेराफेरी न पनप रही हो। इनमें सरकारी तथा गैर सरकारी नौकरियां या रोजगार देने के नाम पर की जा रही हेराफेरी भी शामिल है और अब तो जरूरतमंद परिवारों की युवतियों को नौकरी देने का प्रलोभन देकर उनका यौन शोषण तक किया जाने लगा है।

आरोप है कि बिहार के मुजफ्फरपुर में 'डी.वी.आर. मार्केटिंग' नामक एक फर्जी कम्पनी में 50,000 रुपए मासिक तक का अच्छा वेतन देने का झांसा देकर दजर्नों युवतियों को महीनों तक बंधक बनाकर रखने और उनका यौन उत्पीड़न किया गया ।अब इस मामले में आरोपियों से बच कर अदालत में पहुंची एक पीड़िता, की शिकायत पर इरफान, तिलक सिंह, अहमद रजा, हरे राम, मनीष सिन्हा, एनामुल अंसारी, विजय कुशवाहा और कन्हैया कुशवाहा समेत 9 लोगों के विरुद्ध छपरा के 'मसरख' थाने में केस दर्ज किया गया है। इनमें से तिलक सिंह को 18 जून को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकियों की तलाश जारी है।

पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे नौकरी का प्रलोभन देकर हाजीपुर (बिहार) की 'डी.वी.आर. कंपनी' में डॉक्यूमेंट और 20,500 रुपए लेकर बुलाया। अपनी मौसी से कर्ज लेकर पीड़िता ने हाजीपुर में ज्वाइन किया लेकिन वहां काम की बजाय उसे नौकरी के नाम पर लोगों को फ्रॉड कॉल करके उन्हें 'कम्पनी' के साथ जोड़ने का तरीका सिखाया जाने लगा।पीड़िता ने भी अपने माध्यम से 21 लोगों को कंपनी के साथ जोड़ा जिनसे कंपनी ने 20,500 रुपए ले लिए। जो लड़कियां अन्य ग्राहकों को नहीं जोड़ पाती थीं, उन्हें बैल्ट से मारा-पीटा व सिगरेट से दागा जाता था।

हाजीपुर में सबसे ज्यादा लड़कियों को रखा गया। पीड़िता के अनुसार वह 2021 में फेसबुक के जरिए आरोपियों के साथ जुड़ी लेकिन आज तक एक बार भी वेतन नहीं मिला। बस पीट कर और अन्य तरीकों से सबको डराकर रखा जाता था। इस दौरान युवितयों की तस्वीरें ली जातीं और उनसे छेड़छाड़ कर इंटरनैट पर डालने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता था। पीड़िता के अनुसार नशा देकर सब युवतियों की पिटाई की जाती और वीडियो बनाए जाते तथा एक युवती द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके भाई की हत्या तथा अपहरण की धमकी तक दी।मुजफ्फरपुर के दफ्तर में छापा पड़ने पर आरोपी उसे लेकर हाजीपुर चले गए। पीड़िता के अनुसार जब वह गर्भवती हुई तो दवा खिलाकर तीन बार उसका गभर्पात भी कराया गया। फिर नकली शादी कर यौन शोषण किया गया। अन्य युवतियों को भी शादी के लिए मजबूर किया गया और गर्भवती होने पर उनका भी गभर्पात कराया गया।

पुलिस ने बताया कि इस फ्राड कंपनी पर उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार के अलग-अलग जिलों में एक दर्जन से अधिक केस दर्ज हैं। कंपनी के नामजद आरोपियों ने नौकरी के नाम पर एक अन्य युवती से कहा कि शुरूआत में उसे 20,000 रुपए मिलेंगे।उसे यह झांसा भी दिया गया कि कंपनी में और लड़के-लड़कियों को ज्वाइन करवाने पर उसे 50,000 रुपए मासिक मिलने लगेंगे। पीड़िता ने 53 युवक-युवतियों को इस कंपनी में ज्वाइन कराया परंतु जब भी वह वेतन मांगती तो आरोपी कहते कि वह अब फर्म की शेयर होल्डर बन गई है। जाहिर है कि यह तो केवल एक गिरोह की बात है, ऐसे न जाने कितने गिरोह देश में जरूरतमंद युवतियों को रोजगार देने के बहाने उनका शोषण कर रहे होंगे। रोजगार न होने के कारण आर्थिक तंगी के शिकार परेशान लोगों की मजबूरी का लाभ उठाते हुए उन्हें ठगना गंभीर अपराध है। बेरोजगार लोगों से नौकरियों के नाम पर छल करने और नवयौवनाओं का यौन शोषण करने के जिम्मेदार लोगों पर फास्ट ट्रैक अदालतों में केस चला कर उन्हें कड़ा दंड दिया जाना चाहिए।

सरकार को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के जरिए बिजनैस करने वाली कम्पनियों की रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करनी चाहिए तथा प्रदेश सरकारों को साइबर क्राइम सैल के जरिए मार्कीटिंग कम्पनियों की कार्यशैली पर कड़ीनजर रखने की व्यवस्था करनी चाहिएं। जिस बड़े पैमाने पर इस गिरोह का धंधा पनपा हुआ था उस में कुछ अधिकारियों और राजनेताओं के संरक्षण होने के आरोप की भी तह तक जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए ।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। बच्चों को कोई बड़ा सरप्राइज मिल सकता है। कुछ लोग आपके किसी काम में मदद भी कर सकते हैं। आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे। आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे। आप किसी काम को नये सिरे से शुरू करने के बारे में विचार कर सकते हैं। इसके लिए आपको कुछ सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है। सेहत को लेकर थोड़ा ध्यान रखने की जरूरत है।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। ऑफिस के किसी काम से आपकी लम्बी यात्रा हो सकती है, यात्रा लाभदायक रहेगी। बुजुर्ग अपने किसी बचपन के दोस्त से मिलकर अपनी पुरानी यादों को फिर से ताजा करेंगे। आज आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आयेगा। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको आज काम का अच्छा ऑफर मिल सकता है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ रहेगा, आप किसी धार्मिक कार्यक्रम की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नये अवसर मिलेंगे। इस राशि के जो लोग मिट्टी के बर्तन बनाने का काम करते हैं उनके लिए लाभ के योग बन रहे हैं। अगर आप कोई नई कार खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज आपके लिए शुभ दिन है। घर में खुशियां बनी रहेंगी। आज शत्रु पक्ष आपके सामने नतमस्तक होगा। छात्र किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने का मन बनाएंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी चीज को खरीदने में आपके पैसे खर्च हो सकते हैं। इस राशि के जो लेखक हैं, उनकी कोई कविता लोगों को काफी पसंद आएगी। आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है। जीवनसाथी के साथ आपका ताल मेल अच्छा बना रहेगा, घर का फैंसी डेकोरेशन करवाने का मन बना सकते हैं। आपको किसी जरूरी काम में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा, आपका बिगड़ता काम बन जायेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपके साथ बना रहेगा। स्टूडेंट आज कम्प्यूटर कोर्स ज्वॉइन कर सकते हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन शानदार रहेगा। ऑफिस में आपको मनपसंद काम दिया जा सकता है। काम करने में मन लगा रहेगा। आपसे एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। इस राशि के लोगों की नौकरी में प्रमोशन के साथ ही इनकम बढ़ने के भी चांस नजर आ रहे हैं। छात्र अपने कुछ विषयों को लेकर अधिक रुचि दिखायेंगे। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों का दिन राहत से भरा रहेगा। बिजनेसमैन को काम में कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं।

**कन्या राशिः** आपके लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। लोग आपके काम की तारीफ करेंगे। आप खुद भी अपने काम से संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ बाहर डिनर पर जाने का अच्छा मौका है, किसी रेस्टोरेंट जयेंगे। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग किसी नई एक्टिविटी में भाग लेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। छात्र अपने करियर के लिए किसी सीनियर से सलाह ले सकते हैं, सही सलाह आपके करियर को किसी अच्छे मुकाम पर पहुंचा सकती है। आज आपको काम में मुनाफा मिलेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा है। आपके सभी काम समय से पूरे होंगे। ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद होगी। स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं। कठिन विषयों को समझने के लिए अपने सिनीयर की मदद लेंगे। आज आप घर के किसी काम में जीवनसाथी की मदद भी ले सकते हैं रिश्ते बेहतर रहेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन जीवन में। किसी नयी खुशी का संकेत लाएगा। जीवनसाथी कोई बड़ी खुशखबरी दे सकते हैं जिससे परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्राँग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा। इस राशि के जो मैनेजर पोस्ट के लोग है अपने काम को अच्छे से संभालेंगे। बच्चों के साथ शॉपिंग करने मॉल जा सकते हैं, उन्हें काफी अच्छा लगेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। काम की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके रिश्ते की बात घर पर चल सकती है। घर का माहौल अच्छा रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं। वर्क फ्रॉम होम कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे। माता-पिता से भविष्य की योजना के बारे में विचार विमर्श कर सकते हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लायेगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। काम की वजह से आप परिवार को पूरा समय नहीं दे पायेंगे। लेकिन परिवार का साथ बना रहेगा। कुछ मामलों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं। राइटर की कोई बुक पब्लिश होगी, जिसे लोगों का काफी प्यार मिलेगा। आपकी वाणी में मधुरता बनी रहेगी। नए कामों को करने में भाग्य आपका पूरा साथ देगा। छात्रों के लिए आज का दिन उनके अनुकूल रहेगा।

**कुंभ राशिः** आज का दिन नई उमंगों के साथ शुरू होने वाला है। आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी समस्या शेयर कर सकते हैं। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आपको मदद मिलेगी। इस राशि के छात्रों के लिए दिन ठीक-ठाक है। पढ़ाई में आ रही समस्याएं दूर हो जाएगी। आपको नतीजों की ज्यादा फिक्र ना करके अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। बड़े-बुजुर्ग आपको कोई खास सलाह भी दे सकते हैं। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, एक दूसरे को समझने की कोशिश करेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे। यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों से जुड़ी समस्याओं का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। दिनभर मस्ती के मूड में रहेंगे। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। दूसरों के सामने अपनी बात को खुलकर रख सकते हैं। लोग आपकी बातों को इम्पोर्टेंस देंगे। शाम को जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। प्रसाशनिक कार्यों में आज आपको सफलता मिलेगी।

## सुनो भाई उधो

# अम्मट बासी-चटा गोंदली

परमानंद वर्मा

बटकी म बासी जागे,
मलिया म जागे साग।
कंवरा ढेलवानी जागे,
माटी म जागे भाग।।
बदरी बिशाल, परमानंद

छत्तीसगढ़ में बोरे बासी का अपना विशिष्ट स्थान है। खासकर गांवों में तो यह ग्रामीणों का प्रमुख आहार है। गर्मी के दिनों में तो दोनों जून इसका सेवन करते हैं। इसीलिए 'अम्मट बासी चटा गोंदली, नंदलाल सखी पुनिया डोकरी नामक लोक गीत प्रचलित है। शहर के किसी होटलों, मालों में 'बासी मांगने पर नहीं मिलता। भूतपूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे प्रचारित करने की दिशा में कदम तो उठाया था लेकिन...? छत्तीसगढ़ी में पढ़िए यह आलेख...

बाप रे बाप, जान दे एसो के जेठ महीना तेकर ले नवा तपा, का तपिश ते सब के जीव हलाकान करके रख दीस। ऊपर से ये नवपंचक बाचे-खुचे हे तउनो आगी मूतत हे। अइसन गरमी के बखत मं ये चुनाव का झपागे, कतको मनखे रेंग दीस ऊपर कोती। आगी अंगरा कस तपत हे घाम हा।

काबर अतेक घाम करत हे, ओकर कारन का हे तउन ला अब जाने ले परही। जम्मो रुख-राई, जंगल, पहाड़, नदिया, नरवा, तलाब सब रोवत हे। ओकर विपदा, दुख, करलेस के कोनो हियाव करइया नइहे। लगथे ये धरती मं कोनो राक्षस मन उतरगे हे। ओकर नजर मं सिरिफ अउ सिरिफ विकास दीखत हे तब ये विकास कइसे आही... सब जंगल-झाड़ी, परबत, नदिया ल विनास करे मं। जब सब साफ हो जाही तब ये जमीन के भीतर जउन हंडा गड़े हे उही मं तो विकास छिपे हे।

छत्तीसगढ़ के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के हे रिहिसे- इहां के अमीर धरती मं गरीब जनता निवास करथे। बासी खा-खा के जीवन गुजार दीन फेर पुरखौती जउन जायदाद हे ओला लुका (छिपा) के रखिन, नइ कोनो ल बतइन। जानत रिहिन हे, कहूं ये खजाना ला जान परही तब एक नइ बचाही।

ओ खजाना ल जान डरे हें। ये परदेसी मन सगा बनके अइन अउ आज इही सगा मन छत्तीसगढ़िया मन के छाती मं चढ़के शासन करे ले धर लीन। छत्तीसगिढ़या बासी खाते रहिगे अउ ओमन जउन हाथ पसारे अइन आज मॉल, पांच सितारा होटल के मालिक बने बइठ गे। अउ माल मसाला झड़कत हे।

ओमन कहिथे अउ आज जेने आथे तउने मन तको कहिथे- 'छत्तीसगढ़िया-सब ले बढ़िया । काबर ये नारा ला राग धर के कोनो गीत, गजल, कव्वाली, शेर अउ गीता, रमायन, वेद, पुरान के इसलोक, मंत्र असन गाथे, दुहरावत रहिथे? कोनो तो गीता रहस्य बरोबर ये नारा के रहस्य होही?

ये भारी रहस्य हे, ओ रहस्य ल ओ दिन अंतराष्ट्रीय कथावाचक सिहोर वाले महराज पं. प्रदीप मिश्रा हा तीन-चार लाख के भीड़ भरे सभा मं सबके आगू मं बताइस- शांत, सरल, मीठ-गुरतुर बोली, सहज सुभाव, छल-कपट, प्रपंच, झूठ-लबारी ले कोसों दूर, जउन मिलगे तउन मं संतोष, उदारता- जलन ले दूर, ये गुन के रहस्य भाव छत्तीसगढ़िया मन हे।

महाराज जी हा आगू किहिस- इही मन असली छत्तीसगढ़िया हे अउ अब जउन मन इहां पेट बिगारी, रोजगार धंधा, कारोबार, उद्योग, राजनीति करे के नांव ले के बस गे हे, ओमन नोहय छत्तीसगढ़िया, ओमन का जानही इहां के माटी के मरम ल। ये सप्तरिसी अऊ राम के महतारी कौशिल्या के तपोभूमि हे, तेकर अइसन संतान हे। सीधा-साधा, भोला-भाला हे इहां के मनखे। बासी-पानी, पेज पसइया खाके आजो ओमन अपन जीवन ल गुजारना जानथे। फेर ककरो दुआरी मं भीख मांगे ल नइ जाय न चोरी चकारी अउ गलत कारोबार, धंधा करय। ये तो बाहिर वाले मन इहां आके जब बसना शुरू करिन हे तब अपन दुरगुन अउ जहर ल बगरावत जात हे।

बासी आज घलो इहां के मुख्य भोजन हे, बड़काहा मनखे मन तात भात खाथें नइते बासी ल आज ले नइ छोड़े हे इहां के निवासी मन। सुरता आवत हे सन्‍बैंसठ-पैंसठ पर भयंकर अकाल परिस, एक दाना नइ होइस, तब कहां अमरीका ले सरकार हा चांउर (चांवल) मंगाय रिहिसे। ओकर न भात मिठावत रिहिसे न बासी। बासी ल हाथ मं धरते ते पच-पच ले हो जात रिहिसे। अइसन ओ बइरी देस हे, जेन हा सड़े-गले चावल अउ गहूं ल भेजे रिहिसे। ओ अनाज ल जानवर मन खाथे, तेला भारत मं भेज रिहिस हे। छिनमिनहा छत्तीसगढ़ कइसनो करके जीव परान ल बचाना रिहिसे, ओ बिपत के दिन ले गुजारिन।

ओ अकाल ह छत्तीसढ़िया मन ल हिला के रख दीस। इही पइत ले गांव के मनखे मन शहर कोती झांकना शुरू करिन हे, रोजी-रोटी कमाय खातिर शहर वाले मन घला, भोला-भाला सिधवा जान के लुटे मन कोनो कमी नइ करिन।

गरीब के कोनो देखइया, सुनइया नइहे। न तब रिहिस, न आजो हे। सरकार, उद्योगपति, सेठ, साहूकार अउ बड़े-बड़े मन के बोलबाला हे। सब ठगराज बने बइठे हे। मस्त हे गरीब बासी खा-खाके, बासी ही ओकर मन के माखन मिसरी हे। नवतपा मं तो सब बोरे बासी झड़के हे अथान के चटनी अउ गोंदली के संग मं। एकर ले बड़े सुख अउ का लेबे?

जाती-बिराती
बटकी मं बासी अउ चुटकी मन नून।

मंय गावत हौं ददरिया तंय कान दे के सुन।

ओ चना के दार राजा, चना के रानीचना के दार चना के दार गोंदली,
कडकत हे रे।
टुरा परबुधिया,
होटल म भजिया,
धडकत हे रे।
चना के दार राजा,
चना के दार रानी,
हो हो होई रे,,,,

विश्व योग दिवस

डॉ. सूर्यकांत मिश्रा

# योग क्रिया में छिपा है निः शुल्क रामबाण इलाज





21 जून विश्व योग दिवस के लिए क्यों चुना गया ? इसके पीछे भी बड़ी सार्थक सोच रही है । यही वह तिथि है जिसे उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबे दिन के रूप में चिन्हित किया गया है । दूसरी बड़ी सोच यह भी है कि जब यह तिथि हमें वर्ष की सबसे लंबे दिन होने का इतिहास बताती है तो यह भी सवर्मान्य सच है कि योग करने वाले का जीवन भी अन्य की तुलना में लंबा और स्वस्थ होता है । योग दिवस को जन - जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ही इसकी शुरुआत सन 2015 से की गई । इस मान से इस बार हम विश्व योग दिवस के दसवें आयोजन से जुड़ने जा रहे हैं । संयुक्त राष्ट्र महासभा में 27 दिसंबर 2014 को हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने हेतु प्रस्ताव रखा था । इसे सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए प्रति वर्ष 21 जून को योग - दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव पास कर दिया गया । संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष विश्व योग दिवस के लिए एक थीम तैयार की जाती रही है । इस बार 2024 के विश्व योग दिवस को महिला सशक्तिकरण के लिए योग नाम की थीम दी गई है । यह एक ऐसा विश्व स्तरीय आयोजन है जो वैश्विक जनता के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए आध्यात्मिक और शारीरिक शक्ति प्रदान करने के क्षेत्र में जागरूकता पैदा कर रहा है । इसे हम अनेक देशवासियों के लिए उनकी दिनचर्या को मन , शरीर और आत्मा से जोड़ने वाला वैश्विक आयोजन मान सकते हैं । हमारे भारतवर्ष में जनित योग क्रिया लगभग पांच हजार वर्ष पुरानी विधा है । हमारे ऋषि - मुनियों ने इसी योग विद्या के सहारे शक्ति का खजाना इकट्ठा कर दिखाया है।

हमारे लिए यह गर्व की बात हो सकती है कि भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान को शारीरिक स्वस्थता की गारंटी मानते हुए पहले ही योग दिवस ( 2015 ) पर 36,000 लोगों ने 35 मिनट तक योग के 21आसनों को करते हुए इसकी शानदार शुरुआत की मिशाल कायम की । तब से लेकर अब तक नौ आयोजनों में देश - विदेश के करोड़ों लोगों ने योग की महत्ता को स्वीकार करते हुए आयोजन को दसवें पायदान पर स्थापित कर दिखाया है । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस विभिन्न संस्कृतियों , पृष्टभूमियों और अनेक देश के लोगों को शारीरिक अभ्यास के लिए एक मंच पर लाते हुए अपनी सावभौमिकता सिद्ध कर चुका है । मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में योग के सकारात्मक परिणामों का अनुभव करने के साथ व्यक्तिगत एवं सामाजिक कल्याण पर योग के प्रभाव को समझने के लिए यह आयोजन एक बड़े मंच के रूप में बिना किसी भेदभाव के सभी वर्ग , जाति , समुदाय को भाई चारे के साथ योग करने की प्रेरणा प्रदान कर रहा है । योग ही वह क्रिया है जो मन की शांति को प्रोत्साहित करती है । शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा देती है । मानवीय जीवन में तनाव एवं अवसाद की स्थिति को कम करती है । साथ ही सद्भाव और आंतरिक शांति की भावना पैदा करती है । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कई सारे दिवसों के बीच अकेला ऐसा दिवस माना जा सकता है जो सभी उम्र और क्षमताओं के लोगों को योग करने और इसके परिवर्तनकारी परिणामों का अनुभव प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित करता है ।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के दसवें शानदार आयोजन हेतु कर्नाटक का मैसूर शहर मेजबानी के लिए तैयार खड़ा है । योग की महत्वपूर्ण भूमिका को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष इसकी एक थीम बनाई जाती है । योग का समग्र अभ्यास न केवल मन और शरीर को लाभ पहुंचता है बल्कि दूसरों के प्रति प्रेम , उदारता और करुणा भी पैदा करता है । हमारे सामने एक विकट समस्या कोरोना जैसी महामारी ने 2020 में वैश्विक स्तर पर लगभग सभी वर्गों को मनोवैज्ञानिक रूप से परेशान किया । महामारी से बचने के लिए लगाए गए अनेक प्रतिबंधों ने तनाव , चिंता और अवसाद को जन्म दिया । इन सारी समस्याओं से निपटने हमने अपने घरों के भीतर योग क्रिया को अपनाकर कुछ भी अनावश्यक होने से खुद को सुरक्षित रखा । योग दिवस 2024 का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को बढ़ावा देने के साथ योग के व्यापक आंदोलन को घर की चहार दिवारी के भीतर तक पहुंचा दिया है । यही कारण है कि इस वर्ष की थीम ₹ महिला सशक्तिकरण के लिए योग ₹ रखी गई है । हम इस बात से इंकार नहीं कर सकते हैं कि शारीरिक , मानसिक , भावनात्मक , सामाजिक और आध्यात्मिक कल्याण के लिए यह एक अच्छी विधा है । सशक्त महिला ही वह कड़ी कही जा सकती है जो नेता सहित शिक्षक और बदलाव की अन्य भूमिका निभाकर समाज में समावेशिता , विविधता और सशक्तिकरण में योगदान कर सकती है । वास्तव में देखा जाए तो मन की संतुलित अवस्था ही योग कही जाती है । यह दिनभर घर में खटती महिलाओं के लिए अत्यंत जरूरी है । जब हम बात कर रहे हैं शारीरिक स्वस्थता की और मानसिक शांति की , तब यह जरूरी हो जाता है कि हम योग के कुछ जरूरी और आसान आसनों के विषय में भी चर्चा जरूर करें । योग के आसनों में हम प्राणायाम के लाभ को सबसे ऊपर रख सकते हैं । तमाम तरह के प्राणायाम का अभ्यास शरीर में ऑक्सीजन संचार को बढ़ावा देने के साथ रक्त के प्रवाह को व्यवस्थित बनाए रखते हैं । अध्ययनों से ज्ञात होता है कि प्राणायाम का नियमित अभ्यास कई तरह की गंभीर समस्याओं के खतरे को महज 5 से 10 मिनट की शारीरिक क्रिया से दूर करने में सक्षम है । इसी तरह भुजंगासन का नियमित अभ्यास शारीरिक एवं मानसिक दोनो तरह के स्वास्थ्य को बेहतर रखने में कारगर माना जाता है ! भूंजगासन , कोबरा पोज योग , रीढ़ की हड्डी को सीधी और लचीली बनाने के साथ फेफड़ों को खोलने में सहायक होते हैं ! योगासनों में सूर्य नमस्कार की चर्चा न आए तो शायद यह विषय अधूरा रह जायेगा । सूर्य नमस्कार के चमत्कारिक परिणाम वजन कम करने और जोड़ों की समस्याओं को दूर करने में सबसे लाभकारी सिद्ध होते रहे हैं ! पाचन , स्वास्थ्य को ठीक रखने के साथ तनाव और चिंता जैसी मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं को दूर करने में सूर्य नमस्कार सबसे अधिक लाभकारी माना जाता है ! प्रतिदिन योग की अलग - अलग क्रियाओं को वर्षों से अपनाने वालों की मानें तो योग मांसपेशियों के लचीलेपन में सुधार से लेकर बदतर पाचन तंत्र , आंतरिक मजबूती , अस्थमा , मधुमेह , हृदय विकार जैसे रोगों के इलाज में रामबाण सिद्ध होता आ रहा है !

# एक नजर

## जिले के सभी आरोग्य मंदिर और योगा वेलनेस सेंटरों में चल रहा पांच दिवसीय योग शिविर

**धमतरी 20 जून ।** अंतर्राष्टीय योग दिवस का आयोजन आगामी 21 जून को होगा। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन जिले के आरोग्य मंदिरों और योगा वेलनेस सेंटर में पांच दिवसीय योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. गुरूदयाल साहू ने बताया कि इन शिविरों में महिला, पुरूष, बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में बच्चे भी बढ़-चढ़कर और उत्साह के साथ हिस्सा ले रहें हैं तथा प्रशिक्षकों द्वारा बताए जा रहे विभिन्न आसनों को गंभीरतापूर्वक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से योग पद्धति के जरिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विशेष रोग जैसे मधुमेह, ऑर्थाराईटिस, साईटिका आदि में योग के प्रयोग को रेखांकित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वनांचल दुगली में संस्था प्रभारी डॉ. आशीष साहू और योग प्रशिक्षिका कुमारी मनेश्वरी मरकाम द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग आसन कराए जा रहे हैं। इनमें पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन, सिद्धासन इत्यादि शामिल है। वहीं खरेंगा में तीजेश कुमार, भखारा में श्रीमती अंजली साहू, आमदी में पेमेश्वरी साहू द्वारा लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। कलेक्टोरेट के पीछे स्थित आयुष पॉलीक्लिनिक में डॉ.रेवती नेताम एवं योग सहायक रूचि साहू द्वारा नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है।

## 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अधिकाधिक लोगों से योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागी बनने का आग्रह

**जगदलपुर 20 जून ।** जिले में दशम अंतर्राष्टीय योग दिवस 21 जून को उत्साह के साथ मनाया जाएगा। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के द्वारा जिले के समस्त ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में आपसी समन्वय से योग कार्यक्रम को करवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत जिले में योग संबंधी आवश्यक तैयारी आयुष विभाग, नगर निगम, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शनी स्टेडियम सुबह 7 से 8 बजे तक चलने वाले मुख्य योग कार्यक्रम हेतु आवश्यक तैयारियां की जा रही है। उक्त योगाभ्यास कार्यक्रम विधायक श्री किरण देव के मुख्य आतिथ्य और बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल, चित्रकोट विधायक श्री विनायक गोयल, महापौर नगर पालिक निगम श्रीमती सफीरा साहू, जिला पंचायत श्रीमती वेदवती कश्यप एवं सभापति नगर पालिक निगम श्रीमती कविता साहू के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित है। उक्त अवसर पर अधिक से अधिक जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, युवाओं सहित गणमान्य नागरिकों को उपस्थित होकर योगाभ्यास कार्यक्रम में सहभागिता निभाने का आग्रह किया गया है।

## पुरखती कागजात पुस्तक के मुद्रण हेतु 24 जून तक रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित

**जगदलपुर 20 जून ।** बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण बस्तर संभाग द्वारा आदिवासी परम्परा, रीति-रिवाज, सांस्कृतिक विविधता एवं ऐतिहासिक विरासत को संवर्धन एवं संरक्षण करने के उद्देश्य से पुरखती कागजात नामक पुस्तक प्रकाशित किया गया है। प्राधिकरण द्वारा उक्त पुस्तक को आमजनों सहित साहित्यकारों, लेखकों और शोधकर्ताओं तक पहुंचाने के लिए अधिकाधिक संख्या में प्रकाशक के माध्यम से मुद्रण कराए जाने हेतु उक्त पुस्तक का कापी राईट एवं मुद्रण का सर्वाधिकार प्रकाशक को दिया जाना है। इच्छुक प्रकाशकों से पुरखती कागजात (हिन्दी एवं अंग्रेजी) को मूल स्वरूप में मुद्रण एवं वितरण हेतु निर्धारित शर्तों के अधीन आगामी 24 जून 2024 को दोपहर 3 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति कार्यालय कमिश्नर एवं सदस्य सचिव बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण बस्तर संभाग जगदलपुर में आमंत्रित किया गया है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेवसाईट ूण्जकइंजंतण्बहेजंजमण्हवअण्पद में देखी जा सकती है।

## आयुष योगा वेलनेस सेंटर द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन

**कांकेर 20 जून ।** अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष योगा वेलनेस सेंटर कांकेर द्वारा 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन बायपास रोड कोविड अस्पताल के प्रांगण में किया जा रहा है। शिविर में योग चिकित्सक डॉ. पुष्पा ध्रुव द्वारा फेफड़ों को मजबूत करने, मानसिक तनाव, रक्तचाप, मधुमेह, वात रोग, अस्थमा एवं सभी प्रकार के बीमारियों को दूर करने तथा शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास के विभिन्न आसन जैसे प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, ध्यान, योग निद्रा आदि का अभ्यास कराया जा रहा है।

## एनसीसी छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन का प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**जगदलपुर, 20 जून।** एनसीसी छत्तीसगढ़ गर्ल्स बटालियन का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 जून से 29 जून 2024 तक कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में संचालित किया जा रहा है।

जिसमें बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर एवं नारायणपुर जिलों के विभिन्न विद्यालय एवं महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट बालिका सहित एनसीसी अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

उक्त शिविर के दौरान एनसीसी कैडेटों को एनसीसी का सैन्य प्रशिक्षण एवं विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने बैठक में अधिकारियों की ली क्लास








- जिले के सभी छात्रावासों को तत्काल दुरुस्त करने के दिये आदेश । अथवा होगी कार्यवाही
- बैठक चालू बत्ती गुल बिजली अफसरों को पड़ी जमकर फटकार
- दंतेवाड़ा के तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी मिले नगद भुगतानःतूलिका

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 20 जून।** बुधवार को आम चुनाव के बाद जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा ने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाते पंचायतों में की गई कम्पूटर सप्लाई मामले में दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए वहीं उन्होंने इस मामले में अधिकारियों के मिलीभगत का आरोप भी लगाया ।

तूलिका ने जिला अस्पताल की साफ सफाई को सुनिश्चित करने पूर्व सफाई कर्मियों को ही भर्ती करने और सभी पंचायतों में जल्द से जल्द मितानिनों के माध्यम से मच्छरदानी वितरण करने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया* ।

इसके अलावा -

■ स्कूलों की साफ सफाई मरम्मत आदि और शाला प्रवेशोत्सव उत्साह के साथ मनाने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया ।

■ ट्राइबल विभाग को भी स्कूल खुलने से पूर्व लाईट, बिजली, पानी, पंखे और शौचालय आदि को दुरुस्त करने और शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए महीने में एक बार छात्रों के पालको की बैठक रखने के निर्देश दिया ।

■ पशु विभाग के विभिन्न योजनाओं में करोड़ो खर्च किये गए पर मुर्गी पालन, सुकर पालन,बकरी पालन आदि योजनाओ में सुधार लाकर और नए यूनिट लगाकर पुनः शुरू करने की जरूरत बताई ।

■ कृषि यांत्रिक विभाग की योजनाओं का लाभ दूरस्थ इलाको के कृषको को भी सुलभता से मिल सके इसलिए विभाग के कार्यालय को गीदम से तत्काल जिला मुख्यालय में स्थानांतरित करने प्रस्ताव पारित किया ।

■ बैठक के दौरान बिजली गुल हो जाने पर तूलिका ने बिजली विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई उन्होंने लगातार हो रही बिजली की आंख मिचौली और अव्यवस्था को तत्काल दुरुस्त करने और लोगों को अनावश्यक परेशान न करने की चेतावनी दी ।

उन्होंने सरकार पर दंतेवाड़ा जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाते कहा कि नारायणपुर,सुकमा और बीजापुर जिले के हितग्राहियों की भांति ही दंतेवाड़ा के हितग्राहियो को भी नगद भुगतान किया जाना चाहिए जैसा पूर्व में हुआ है ।

# दिवार तोड़ खड़ी ट्रक लुट ले गये,थाना में अपराध कराया दर्ज

**पत्थलगांव,20 जून।** शहर में दबंगों द्वारा एक तो चोरी ऊपर से सीनाजोरी की तर्ज पर फायनेस कम्पनी चोलामंडलम की पालीडीह स्थित यार्ड में खड़ी ट्रक को लुटकर ले जाने का मामला सामने आया है बताया जा रहा है की 4 से 5 लोग 16 जून की देर रात यार्ड का दिवार फांदकर यार्ड में घुस गये और वहा खड़ी ट्रक क्रमांक सी.जी.15 डी.जी 6331 को स्टार्ट कर ले जाने लगे वहां स्टार्ट होने की आवाज सुनकर सिक्यूरटी गार्ड विजय यादव बाहर निकला तो लुटेरो ने स्टार्ट ट्रक से सिक्यूरटी गार्ड को कुचलने का प्रयास किया जिसके बाद सिक्यूरटी गार्ड किनारे हो गया तो लुटेरे यार्ड का दिवार और गेट को तोड़ते हुवे ट्रक को लेकर फरार हो गये इस मामले में यार्ड संचालक की शिकायत पर पत्थलगांव पुलिस ने ट्रक क्रं. सी.जी.15 डी.जी 6331 का चालक एवं अन्य 03 व्यक्ति के खिलाफ भा.द.वि की धारा 34,392,427,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार वाहन मालिक



आकाश जायसवाल पिता भोला प्रसाद जयसवाल निवासी अम्बिकापुर है,जिसका फाइनेंस कंपनी में 10 किस्त टूटा हुआ था जिसे फाइनेंस कंपनी के विधिक प्रोसेस के तहत सिज कर यार्ड में खड़ा कराया था। यार्ड संचालक सुनील गुप्ता ने पत्थलगांव पुलिस को दिए शिकायत में बताया गया है की उसकी चोला मण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फाइनेंस कंपनी पत्थलगांव ब्रांच से पार्किंग यार्ड के लिए पालीडीह स्थित भूमि का अनुबंध है दिनांक 15.06.2024 के संध्या 4 बजे लगभग चोला मण्डलम के सिजर द्वारा एक वाहन टाटा एल.पी.टी.3718 जिसका पंजीयन क्रमांक सी.जी.15 डी.जी 6331 पार्किंग यार्ड में लाया गया था जिसका स्वामी आकाश जायसवाल पिता भोला प्रसाद जयसवाल निवासी अम्बिकापुर है जिसका फाइनेंस कंपनी में 10 किस्त टूटा हुआ था जिसे फाइनेंस कंपनी के विधिक प्रोसेस के तहत सिज किया गया था। उक्त सिज वाहन को ड्राइवर को बस स्टैण्ड पत्थलगांव नवीन बस आफिस के पास छोड़ा गया था, उक्त ड्राइवर के द्वारा वहां उपस्थित नवीन बस के बुकिंग कांउटर सुजीत को बोला गया था कि मेरा मालिक बोला है कि तुम वहां रूको आज जो भी हो वाहन टाटा एल.पी.टी.3718 को लेकर ही जाएगें।।

सिक्यूरटी गार्ड को कुचलने की करी कोशिश-मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 16.06.2024 को रात्रि लगभग 1 बजे पार्किंग यार्ड का विधिक सिक्यूरटी गार्ड विजय यादव पिता कपील यादव द्वारा सूचना दी गई कि उक्त वाहन को जब वह सो रहा था तब वाहन चालु होने की आवाज सुनकर वह बाहर आया तब चार, पांच लोग वाहन चालु कर उसे ले जा रहे थे उसके द्वारा जब वाहन को रोकने की कोशिश की गई तब उसके उपर वाहन चला दिया गया जिससे वह अपनी जान बचाकर वहां से हट गया।

# विश्व सिकलसेल दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ

**कांकेर 21 जून ।** विश्व सिकलसेल दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के अंतर्गत आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम तथा कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक श्री नेताम एवं अन्य अतिथियों के द्वारा मरीजों को सिकलसेल जेनेटिक स्टेटस कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही जिला पंचायत में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 93 लोगों की स्वास्थ्य जांच भी की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरगामी सोच के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से इस लक्ष्य को 2047 से पहले ही प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। इस दिशा में तेजी से स्क्रीनिंग का कार्य और स्क्रीनिंग पश्चात जिन लोगों को इस रोग के उपचार की आवश्यकतानुसार उन्हें दवा, उपचार, परामर्श और सतत् सहयोग देने के लिए राज्य शासन दृढ़ संकल्पित है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव के द्वारा सिकल सेल रोग की रोकथाम एवं बचाव के बारे में जानकारी दी गई तथा उपस्थित आम नागरिकों से अपील की गई कि सभी सिकल सेल की स्क्रीनिंग कराकर रोगी निरंतर इसकी दवा लें।कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सिकलसेल उन्मूलन अभियान प्रदेश व जिले के लिए महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने सिकलसेल के लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सिकलसेल की स्क्रीनिंग के पश्चात् नियमित दवाई और सतत निगरानी आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जिले में मलेरिया अब खत्म होने की स्थिति में है और इसी प्रकार सिकलसेल उन्मूलन अभियान के तहत सघन जांच कर इसके रोकथाम के लिए जारी निर्देशों का पालन करते हुए इसके प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने सिकल सेल उन्मूलन के लिए व्यापक रूप से स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविरों के आयोजन करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

कार्यक्रम के शुभारंभ में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने सिकलसेल बीमारी और अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी शत-प्रतिशत रोकी जा सकती है। इसमें जांच के पश्चात सभी व्यक्तियों को जेनेटिक कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सिकल सेल की रोकथाम में मदद मिलेगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में अब तक 4 लाख 27 हजार 658 व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, जिसमें 4 हजार 418 सिकल सेल वाहक एवं 455 सिकल सेल रोगी पाये गये हैं, जिनका नियमित उपचार चल रहा है एवं सिकल सेल रोगियों को हाइड्रोक्सीयूरिया एवं फोलिक एसिड की टैबलेट दी जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में कुल 03 लाख 38 हजार सिकल सेल जेनेटिक कार्ड वितरण किया जा चुका है एवं शेष व्यक्तियों का कार्ड वितरण जारी है। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में सिकल सेल जनजागरूकता एवं स्क्रीनिंग की जा रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री सुमित अग्रवाल, सहायक आयुक्त श्री एल.आर. कुर्रे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

# स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिले ऐसे कार्य को दें प्राथमिकताः कमिश्नर



**जगदलपुर 20 जून।** कमिश्नर श्री श्याम धावड़े ने कहा कि एनएमडीसी अपने प्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को लाभ देने वाले कार्यो को प्राथमिकता दें, साथ ही प्रशासन के द्वारा जरूरतमंदों के लिए सीएसआर मद से विशेष प्रावधान कर रखें। ताकि जरूरतमंदों को तत्काल राशि की स्वीकृति दी जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही भविष्य को बेहतर बनाया जा सकता है इसीलिए जिलों में नवाचार के साथ-साथ अंदरूनी तथा प्रभावित क्षेत्र के स्थानीय बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता का भी प्रावधान रखा जाना चाहिए। कमिश्नर श्री धावड़े ने गुरुवार को संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में एनएमडीसी और जिलों के विकास शाखा प्रभारियों से सीएसआर मद के कार्यों की समीक्षा बैठक ली।बैठक में वित्तीय वर्ष 2012-13 से 2023-2024 तक स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा किया गया। संभाग के जिलों से विकास कार्यों हेतु एनएमडीसी कार्यालय से लंबित राशि के भुगतान करवाने हेतु कार्यों का ज्वाईट इंस्पेक्शन कर पूर्णता प्रमाण पत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करवाकर लंबित राशि को जारी करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिलों से वर्ष 2023-24 और 2024-25 के लिए प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कमिश्नर श्री बीएस सिदार, आरती वासनीकर, जिलों के विकास शाखा प्रभारी एवं एनएमडीसी के अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन

**कांकेर 21 जून ।** अंतर्राष्टीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को सुबह 07 बजे जिला स्तरीय सामूहिक योग शिविर का आयोजन स्थानीय नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, पर्यटन एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल सम्मिलित होंगे एवं सामूहिक योग में शरीक होंगे।

कलेक्टर श्री नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा जिले के सभी विकासखण्डों, नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जाएगा।

# बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी नियंत्रण जरूरी है:महेश कश्यप





**जगदलपुर 20 जून ।** विश्व सिकल सेल दिवस पर श्यामाप्रसाद सभागार (टाउनहाल) में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने कहा कि सिकलसेल बीमारी को आमजन सिकलिन के नाम से जानते है। हर बीमारी से बचाव के लिए सावधानी-नियंत्रण जरूरी है, आधुनिक युग में विज्ञान ने बहुत तरक्की की है वैज्ञानिकों ने सभी बीमारियों की दवाई इजात कर ली है। बीमारियों से बचाव और दवाइयों के संबंध जागरूकता की कमी से कईयों की जान चली गई, गांवों में बीमारियों के लिए जागरूकता की कमी से क्षेत्र के ग्रामीण बैना, गुनिया से इलाज करवाते है या अज्ञानता से स्वयं गोली खाकर ठीक होने का प्रयास करते हैं,जो सही नहीं है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवा केंद्र के माध्यम से सभी को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई है इसका उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश के नागरिको की रोग प्रतिरोधी क्षमता अधिक है। फिर भी आज के समय में जागरूकता की कमी,खानपान, रहन-सहन से भी बीमारी को बढ़ावा मिलता है। सिकलसेल जैसे बीमारी पर नियंत्रण कर क्षेत्र, प्रदेश के विकास पर सभी सहभागी बने।

कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि जिले में टीबी मुक्त, मोतियाबिंद मुक्त, मलेरिया मुक्त, डेंगू मुक्त अभियान चलाकर कर आम जनों को बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाता रहा है इसका लाभ जिले वासियों को हुआ है। इसी प्रकार सिकलसेल के प्रति लोंगो को जागरूक किया जा सकता है।सिकलसेल आनुवंशिक बीमारी है जागरूकता की कमी के कारण बीमारी को बढ़ावा मिला है। बीमारी के बचाव हेतु शादी के पूर्व खून की जांच जरूर करवाएं। जांच में सिकलसेल के लक्षण मिले तो दवाइयों का सेवन नियमित करें और बीच बीच में खून की कमी की जांच करवाएं। आज विश्व सिकलसेल दिवस में जिले के सातों ब्लाक में सिकलसेल दिवस मनाया जा रहा है। विगत तीन वर्ष में मिले लक्ष्य 5.50 लाख में से लगभग चार लाख का स्वास्थ्य जांचकर उपचार किया जा रहा है।इस प्रकार की बीमारियों से स्वयं जागरूक होकर अन्य लोगों को जागरूक करें,ताकि समुदाय के सभी जन स्वस्थ रहें।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष श्री मनीराम, महापौर श्रीमती साफिरा साहू, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मंडावी, सीएमएचओ डॉ चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ प्रसाद, सहायक आयुक्त श्रीशोरी, डीईओ भारती प्रधान सहित स्वास्थ्य विभाग आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सिकल सेल से पीड़ित बच्चे की माता शकीला सिंह ने बताया कि बच्चे की तबियत खराब होने पर अस्पताल में प्राथमिक जांच के उपरांत सिकलसेल की बीमारी की जानकारी मिली, हम दोनों पालक को छोटा सिकलसेल है। हम इस बीमारी के प्रति हम दोनों जागरूक नहीं थे। सभी से निवेदन इस बीमारी के प्रति जागरूक हो,शादी के पूर्व जरूर सिकलसेल की जांच करवाएं। सिकल से पीड़ित बच्ची की माता सोनमती बघेल ने भी अपने अनुभव को साझा किए। रेशम विभाग के अधिकारी अनिल कुमार सोम ने अपने अनुभव को साझा करते हुए नियंत्रण के लिए बताया कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर नियमित समय पर भोजन, समय पर दवाईयां का सेवन, कसरत, प्रति माह स्वास्थ्य जांच करवाएं के साथ ही ज्यादा पानी का सेवन करें। कार्यक्रम में अतिथियों ने हितग्राहियों को सिकलसेल कार्ड का वितरण किए।इसके अलावा परिसर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच के लिए स्टॉल लगाया गया था जिसमें अतिथियों ने अपना स्वास्थ्य जांच करवाया। साथ ही सिकलसेल जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए।ज्ञात हो हर साल 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में अंतरराष्टीय जागरूकता दिवस मनाया जाता है ताकि वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग के बारे में सचेत किया जा सके।भारत में सिकल सेल रोग का बोझ दुनिया में दूसरे नंबर पर है।

### सिकलसेल रोग के बारे में जानने योग्य बातें एवं सिकलसेल के लक्षण

हीमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल सेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण (हीमोग्लोबीन) हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। ये रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सिकलसेल रोग के मुख्य लक्षण भूख नहीं लगना, थकावट,तिल्ली में सूजन, हाथ-पैरों में सूजन,खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया,त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव,सांस लेने में तकलीफ,हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना,बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन,वजन और ऊंचाई सामान्य से कम और हड्डियों एवं पसलियों में दर्द होना है। अगर उक्त लक्षण हैं और सिकलसेल की जांच नहीं करवाएं हैं तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर सिकल सेल की निःशुल्क जांच अवश्य कराएं और सिकलसेल गुणसूत्र है या नहीं इस बारे में पूरी जानकारी अवश्य लेवें।

## एक नजर

### बुजुर्ग महिला के आईईडी की चपेट में घायल होने की घटना की निंदा

**बीजापुर,20 जून।** बुधवार तड़के नड़पल्ली गांव में बुजुर्ग महिला आईईडी की चपेट में आने से बुरी तरह घायल होने की घटना की निंदा करते हुए सर्व आदिवासी समाज ने कहा है कि पुलिस नक्सल घटनाओं में आदिवासी समुदाय की ही क्षति हो रही है।सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने कहा कि जहां एक ओर पुलिस नक्सल मुठभेड़ में कथित क्रास फायरिंग में आम आदिवासियों की मौतें हो रही है वहीं जंगलों में लगे प्रेशर आईईडी से कई लोगों की मौतें हो रही है। जग्गू राम तेलामी ने कहा कि ऐसी घटनाओं की सर्व आदिवासी समाज तीव्र निंदा करता है तथा सभी पक्षों से अपील करता है कि हम मत मारो जीने दो।

### दण्डाधिकारी जांच हेतु उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर,20 जून।** 29 मई 2024 को थाना मद्देड़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कोंजेड व बंदेपारा के मध्य जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच घटना घटित हुई थी जिसमें फायरिंग रूकने के बाद पुलिस पार्टी द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर 1 अज्ञात महिला वर्दीधारी नक्सली एवं 1 अज्ञात पुरूष माओवादी का शव, सेफ्टी फ्यूज 5 मीटर, कार्डेक्स वायर 8 मीटर, 12 नग जेटेटिन रॉड, 30 हजार रूपए कैश, 7.62 एमएम पिस्टल, मय मैग्जिन 6 राउण्ड, स्केनर सेट व पिठ्ठू बैग, नक्सली वर्दी, 12 बोर बंदूक सिंगल शॉट सहित अन्य हत्यार बरामद किया गया।उक्त घटना के संबंध में कोई भी किसी भी प्रकार की जानकारी यदि किसी के पास हो तो वह न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में 03 जुलाई 2024 को उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

### अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में केशकाल विधायक होंगे मुख्य अतिथि

**बीजापुर,20 जून।** राज्य के सभी जिलों में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग कार्यक्रम के लिए मंत्रिमंडल, सांसदों और विधायकों को नामांकित किया गया है। इसी तारतम्य में केशकाल विधायक श्री नीलकंठ टेकाम आगामी 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बीजापुर में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिए 29 जून तक कर सकते है आवेदन, जुलाई में होगा आयोजन


**रायगढ़, 20 जून।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का आयोजन जुलाई माह में संभावित है। जिसके लिए पात्र जोड़े 29 जून 2024 तक आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ में जमा कर सकते है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में सम्मिलित होने वाले जोड़ो को शासन की ओर से 50 हजार की सहायता राशि प्रदान की जाती है। विभाग द्वारा विवाह में शामिल होने वाली कन्याओं की सहायता राशि 21 हजार से बढ़ाकर 35 हजार किया गया है, शेष राशि विवाह के आयोजन तथा अन्य मद में व्यय होगा। विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़ो को आवेदन के साथ उम्र संबंधी प्रमाण पत्र, कन्या का निवास प्रमाण पत्र, गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र तथा कन्या का प्रथम विवाह होने का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य है।

### तेन्दुमुड़ी में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 2 जुलाई तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 20 जून।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया, जिला-रायगढ़ अंतर्गत केन्द्र तेन्दुमुड़ी-1 वार्ड तथा नगरीय निकाय तेन्दुमुड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के एक रिक्त पद के लिए 2 जुलाई 2024 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन जमा कर सकते है।

# जिले के जंगलों से अवैध चराई रोकने वन मंडला अधिकारी कार्यालय को दिया गया आवेदन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**राजिम (पाण्डुका), 20 जून।** पिछले कई सालों से राजस्थानी ,गुजराती भेड़ बकरी चरवाहे गरियाबंद जिले के हरे भरे जंगलों में चराई करवा रहे हैं जिससे जंगल के छोटे-छोटे पेड़ पौधे तो नष्ट हो रहे हैं साथ ही जंगली जानवर भी बिदक कर इधर-उधर भाग रहे हैं ।और इनके आने से स्थानीय किसानो को जंगलों में अपनी पालतू मवेशियों की चारे की समस्या हो जाता है।और इनके हजारों मवेशियों के आने से पालतू जानवरों में संक्रमण बीमारी का खतरा भी बढ़ जाता है इनका यह सिलसिला कई सालों से बे रोक टोक जिले में चल रहा है और इनके पास किसी भी प्रकार की कोई चराई के लिए वैध दस्तावेज नहीं होता और ये चरवाहे प्रतिबंधित वन क्षेत्र में हजारों की संख्या में अपने मवेशी लेकर चराई कराते हैं।और ऐसा ही कुछ इस बार फिर देखने को मिलने वाला है बरसात लगने वाली है और बारिश के मौसम में जिले के विभिन्न वन परिक्षेत्र के जंगलों में डेरा डालने वाले है। इस कारण गरियाबंद वन मंडलाधिकारी वन मंडल गरियाबंद कार्यालय में 19 जून को आवेदन दिया गया कि जिले के समस्त परिक्षेत्र कार्यालय सहित पूरे जिले में इनकी अवैध चराई पर प्रतिबंध लगाया जाए एवं इन्हें गरियाबंद जिले के जंगलों में घुसने से रोका जाए ताकि हमारा गरियाबंद जिला हरा भरा रहे और यह के छोटे-छोटे पेड़ पौधे बड़े पेड़ों का आकार ले सके। ज्ञात हो की राजस्थानी गुजराती चरवाहे जिले के जंगल में चराई करते हैं बारिश में यहां रहते हैं । धान कटाई के बाद यहा से मैदानी जिलों में चले जाते हैं और वहां से वापस आते है ।इस प्रकार इनके कई परिवार सालो से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के जंगलों रहते हैं। एक बार फिर इसी तरह गरियाबंद जिले के पैरी नदी पार कर सरगी ,वा सुखा नदी के आसपास डेरा जमाए है साथ ही मैदानी गांव के आसपास डटे हुए है जो धान बोआई और बारिश चालू नहीं हो जाती तब तक ये लोग वन परक्षेत्र के जंगल और पहाड़ों में नहीं जायेंगे। उनके लगातार जंगल में प्रवेश से छोटे-छोटे पेड़ पौधे नष्ट हो रहे हैं।क्यों की हजारों की संख्या में इनकी भेड़, बकरियां, घोड़े ऊट होते है।और जिस पौधे को भेड़ बकरियां चराई कर दे फिर उसे पुनः पनपने में बहुत समय लगता है। तो कुछ जानकारो का मानना है कि अगर हम जंगल में पेड़ लगाने की बजाय जंगल में लगे प्राकृतिक रूप से उगे पेड़ पौधे को बचा ले तो यह इतने घने हो जाएंगे की पौधे लगाने की जरूरत ही नही है उसके लिए जरूरी है कि अवैध कटाई,चराई और जंगल को आग से बचाया जाए यह तीन काम कर लिया जाए तो हमारे जिले के जंगल फिर से हरा भरा हो जाएगा और 5 जून को होने वाले विश्व पर्यावरण दिवस सही मायने में जमीन पर दिखने लगेगा।

# बारिश के पूर्व छोटी-बड़ी नालियों की सफाई को लेकर पालिका गंभीर:सीएमओ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद, 20 जून।** शहर में बारिश पूर्व छोटी-बड़ी नालियों की सफाई को लेकर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी गम्भीर है। बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने बारिश पूर्व की जा रही नालियों की सफाई का सुबह विभिन्न स्थानों में सिर्फ पहुंचकर जायजा नहीं बल्कि सुपरवाइजर और कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिए। सर्वप्रथम उन्होंने स्वामी चौक के समीप नालियों की सफाई का जायजा लिया। बाद बिठोबा टाकीज में वार्ड पार्षद रिंकू तारेन्द चन्द्राकर के साथ वार्ड 1 में उस स्थान में सफाई का निरीक्षण किया जहां बारिश के दिनों में जलजमाव की स्थित होती है। बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधे सितली नाला पहुंचे। मौके पर उपस्थित सुपरवाइजर से जानकारी ली कि उक्त नाले से पानी कहा जाता है। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर को निर्देश दिया कि बारिश शुरू होते ही जलजमाव वाले स्थलों पर मोटर पंप से पानी खींचने की व्यवस्था भी रखें, ताकि जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने नालियों के उपर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।सीएमओ को सुपरवाइजर जीतू सोनी ने बताया की क्षेत्र में 80 फीसद नालियों की सफाई कराई जा चुकी है। शहरी क्षेत्र में सिस्टमेटिक इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। कई जगहों पर नालियों का स्लोप ऊपर-नीचे है, जिसके कारण अत्यधिक बारिश की स्थिति में पानी का तेजी से बहाव नहीं हो पाता। कुछ जगहों पर ऐसी स्थिति है कि जिस जगह पर नाली का निर्माण कराया गया है, वहां पर पचास- सौ मीटर की दूरी तक मकान-ही मकान बने हुए हैं। इस कारण उस जगह पर नाली की सफाई कराने में परेशानी होती है।

### नागरिकों से नालियों में न डाले कचरा

सीएमओ लवकेश कुमार ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि घरों से निकलने वाले कचरा को सीधे नालों या नालियों में न डालें, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाले सफाई मित्रों को सुखा व गीला कचरा अलग-अलग देंवे। इस दौरान उनके साथ स्वच्छ भारत मिशन के नौशाद बक्श, जीतू सोनी, गोपाल सोना आदि मौजूद रहे।

### अनुविभाग पिथौरा अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु 29 जून तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद 20 जून।** अनुविभाग पिथौरा अंतर्गत सहकारी समितियों, स्व सहायता समूहों के द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों समर्पण किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिथौरा ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार एवं कार्यालय कलेक्टर खाद्य 2ाखा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकानों का युक्तियुक्तकरण तथा उक्तानुसार नवीन आबंटन किया जाना है। ग्राम पंचायत ढाबाखार 582003092, पेंड्रावन 582003091, डोंगरीपाली (छ) 582003134 व नवागांव 582003110 के 2ासकीय उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के तहत विकासखंड में स्थित वृहत्ताकार आदिम जाति बहुउद्देशीय सहकारी समितियों, प्राथमिक कृषि साख समितियों, वन सुरक्षा समितियों, महिला स्व सहायता समूहों, ग्राम पंचायतों एवं अन्य उपभोक्ता सहकारी समितियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# जिला एवं तहसील न्यायालयों में 13 जुलाई को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**रायगढ़, 20 जून।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा 13 जुलाई 2024 को सभी मामलों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना निर्धारित किया गया है। जिसमें सिविल न्यायालयों में लम्बित राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, चेक बाउन्स के मामले, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा एवं व्यवहार प्रकृति के मामलों, जिसमें निष्पादन प्रकरण भी सम्मिलित हैं, के अलावा, भूमि अधिग्रहण, आबकारी, श्रम, विद्युत, टेलीफोन सम्बन्धी प्रकरण बैंक रिकव्हरी के राजीनामा हेतु रखे जायेंगें, जिसमें मुकद्मा पूर्व वाद भी लोक अदालत में प्रस्तुत कर राजीनामा के द्वारा निराकृत किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त धारा 188 भा.द.सं. एवं कोविड-19 के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 एवं अन्य छोटे अपराधों के मामलों जिसमें यातायात उल्लंघन के मामलों को भी शामिल कर निराकृत किये जायेंगे। विगत लोक अदालत की भांति राजस्व न्यायालय के प्रकरणों के संबंध में भी 13 जुलाई को खण्डपीठों का गठन करते हुए, खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे, वारिसों के मध्य बंटवारे, याददाश्त के आधार पर बंटवारे, कब्जे के आधार बंटवारे के प्रकरण, दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 145 की कार्यवाही के मामले, भाड़ा नियंत्रण सम्बन्धी, सुखाधिकार सम्बन्धी, विक्रयपत्र/दानपत्र/वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरण के मामले तथा अन्य राजीनामा योग्य मामले रखे जाएंगे। यदि किसी पक्षकार का मामला राजीनामा योग्य है तथा वह आयोजित होने वाली इस लोक अदालत का लाभ प्राप्त करना चाहता है तो वह जल्द से जल्द स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने मामले को राजीनामा हेतु आयोजित होने वाली इस वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत 13 जुलाई 2024 में रखने हेतु संबंधित न्यायालय से अनुरोध कर सकता है तथा मुकद्मा पूर्व प्रकरण न्यायालय परिसर स्थित प्रबन्ध कार्यालय के हेल्प डेस्क में प्रस्तुत कर सकता है। वर्तमान दिनांक तक नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रशासन स्तर पर-राजस्व अधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षक, बैंक एवं फाइनेन्स तथा विद्युत विभाग एवं दूरसंचार विभाग, समस्त इंश्योरेन्स बीमा कंपनी लिमिटेड तथा संबंधित अधिवक्तागण, श्रम अधिकारियों के साथ प्रीसिटिंग बैठक आयोजित किया जा चुका है।

# निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ होने से नहीं होगी समय की बर्बादी:भाऊराम



**महासमुंद,20 जून।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने नगरीय निकाय व पंचायत चुनावों को एक साथ कराए जाने विधायक दल, सांसदों और भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में बनी सहमति का स्वागत करते हुए इसे सर्व वर्ग के हित में बताया है। श्री साहू ने कहा कि नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव एक साथ होने से समय की बर्बादी व अनावश्यक खर्च से बचा जा सकेगा। बार-बार चुनाव कराने तथा संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू होने से विकास कार्यों की गति धीमी पड़ जाती है। महीनों तक संबंधित क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो जाता है। यदि नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ हुए तो एक ही अवधि में सारे चुनाव संपन्न होंगे तथा अतिरिक्त समय खर्च होने से बचा जा सकेगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष, महापौर का चयन अब जनता अपनी पसंद से करेंगे। जनता द्वारा चुने जाने से 5 सालों तक नगरीय निकायों में स्थिर व सशक्त जनप्रतिनिधि बैठ सकेंगे। जिससे शहरों के विकास कार्यों में कोई बाधा नहीं आएगा। श्री साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय प्रदेश में महापौर, अध्यक्ष और पार्षद चुनने का अधिकार आम जनता को दिया गया था। लेकिन, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस ने निजी स्वार्थ के लिए महापौर चुनने का अधिकार आम जनता से वापस लेकर पार्षदों को दे दिया था। लेकिन, अब पुनः प्रदेश में सुशासन की सरकार आने के बाद प्रत्यक्ष व पारदर्शिता पूर्ण चुनाव की रणनीति बनाई जा रही है, जो स्वागत योग्य है।

### पोस्ट ऑफिस में बन रहा आधार कार्ड,पुराने में भी करवा सकेंगे सुधार

**पत्थलगांव,20 जून।** आधार कार्ड की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है,शहर के डाक घर में अब ना सिर्फ नया आधार कार्ड बनेगा बल्कि पुराने आधार कार्ड में भी अगर कोई गलती हो तो भी उसे सुधरवाया जा सकेगा। इसके लिए डाकघर में ना सिर्फफिंगर प्रिंट, आई स्कैनर समेत अन्य उपकरण लगाए गए हैं।बता दे की भारतीय डाक विभाग द्वारा रायगढ़ डाक संभाग के अंतर्गत रायगढ़ सदर बाजार चक्रधरनगर, हरदी,खरसिया, धरमजयगढ़,पत्थलगांव,बगीचा डाकघरों में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं,जिसके माध्यम से आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते हैं एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधारध्अपडेशन (पता, मोबाईल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि) का कार्य करवा सकते हैं,बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अतिआवश्यक है, अतः अपने बच्चों का भी निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते हैं। आम नागरिक द्वारा इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन,एनरोलमेंट का कार्य उक्त डाकघरों से करा सकते है।

# डाकघरों में मिल रहा आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं

**रायगढ़, 20 जून।** भारतीय डाक विभाग द्वारा रायगढ़ डाक संभाग के अंतर्गत रायगढ़ सदर बाजार, चक्रधर नगर, हरदी, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के डाकघरों में आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन संबंधी सेवाएं प्रदान की जा रही है। जिसके माध्यम से आम नागरिक अपना नया आधार कार्ड बनवा सकते है एवं पुराने आधार कार्ड में किसी भी प्रकार का सुधार/अपडेशन जैसे पता, मोबाइल नंबर, जन्म तिथि, नाम, बायोमेट्रिक अपडेट, ईमेल अपडेट इत्यादि का कार्य करवा सकते है। चूंकि बच्चों का 5 एवं 15 वर्ष की आयु पर बायोमेट्रिक अपडेशन अति आवश्यक है। अतः अपने बच्चों का भी निःशुल्क बायोमेट्रिक अपडेशन करा सकते है। अधीक्षक डाकघर समस्त नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाते हुए स्वयं का और अपने बच्चों का आधार अपडेशन/एनरोलमेंट का कार्य डाकघरों से कराने का आग्रह किया है।

### जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता के लिए मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 20 जून।** जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति हेतु 10 जुलाई 2024 तक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास रायगढ़ में आवेदन मंगाये गये है। यह पद अशासकीय एवं पूर्णतः अस्थायी होंगे एवं निर्धारित एवं नियत की गई अवधि के अंतर्गत सीमित होंगे। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास की ओर से अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी( वन अधिकारों की मान्यता)अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तथा चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में क्रमशः जिला परियोजना समन्वयक एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता की नियुक्ति किया जाना है।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**रायगढ़, 20 जून।** प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन, सिलाई मशीन, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक-युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज, केआईटी कॉलेज के पास, अग्रसेन आईटीआई के बगल में उड़ीसा रोड, गढ़उमरिया रायगढ़ में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अथवा लाईवलीहुड कॉलेज रायगढ़ के मोबाईल नं 9302413761, 9589846488, 9755940953 एवं 9893691249 में संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

# रैली निकाल कर आदिवासियों ने मांगा तेंदूपत्ता मजदूरी और बोनस नगद दो

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,19 जून ।** जिले में जनजातीय समुदाय के विभिन्न समस्याओं पर ध्यनाकर्षण और निराकरण को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने जिला मुख्यालय में रैली निकाल कर राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रैली में जिले भर से करीब 15 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ थी जो करीब डेढ़ किमी लंबी रही। रैली में सभी शामिल लोगों की मांग थी कि उन्हें तेंदूपत्ता मजदूरी नगद भुगतान किया जाए।सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गू राम तेलामी ने बताया कि अनुसूचित क्षेत्र के बीजापुर जिले में जनजातीय समुदाय को विभिन्न समस्याओं से ग्रसित हैं तथा इसके समाधान के लिए 14 बिंदुओं पर राज्यपाल के नाम एसडीएम जागेश्वर कौशल को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में जिले के सभी तेन्दूपत्ता संग्राहकों को मजदूरी और बोनस नगद राशि का भुगतान करने, जिले में आनलाईन पेमेंट के लिए कुटरू, गुदमा, गंगालूर, जांगला, बासागुडा, मद्देड, एरमनार, भैरमगढ जैसे अन्य क्षेत्र सहकारी बैंक शाखा की सुविधा मुहैया कराने, पोर्टा केबीन आवासीय विद्यालय में आगजनी की घटना को ध्यान में रखते हुए जिले में संचालित आवासीय पोटा केबिन स्कूलों में अस्थाई बम्बू स्ट्रेक्चर के स्थान पर पक्के भवनों का निर्माण किए जाने एवं नियमित शिक्षकों का पद स्वीकृत करते हुए शैक्षणिक सेटअप जारी करने की मांग की गई है। इसके साथ ही अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति सहित पिछड़े वर्ग के लिए कटअप डेट को दृष्टिगतगत रखते जारी जाति प्रमाण पत्रों के साथ जारी फर्जी जाति प्रमाण पत्र की जांच और कार्रवाई किए जाने, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थानीय आरक्षण के आधार पर नियमित भर्ती करने, खनिज न्यासनिधि से निर्मित शल्य चिकित्सा कक्ष के लिए चिकित्सकों और टेकनीशन की नियुक्ति करने जिसमे सीएचसी भैरमगढ, सीएचसी नेलसनार, सीएचसी भोपालपटनम और सीएचसी उसूर शामिल हैं। बीजापुर जिला अन्तर्गत संचालित लेंप्स में 1001 धान बीज तत्काल उपलब्ध कराए जाने, खाद और धान बीज के कीमतें में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई है उनके कीमत कम किए जाने, राज्य गठन के बाद से बैकलॉग पदों की भर्ती लंबित है उन पदों को शीघ्र भरे जाने, वन अधिकार प्रपत्र गैर जनजातियो को गलत तरिके से वितरण किया गया जांच करते हुआ निरस्त किए जाने, तेंदुपता संग्रहक हितग्राहियो में पात्र और अपात्र कौन होगे इसे स्पष्ट किए जाने, जिला अस्पताल बीजापुर में गर्भवती महिलाओं के लिए सोनोग्राफी व्यवस्था बहाल करने और बीते 8 माह से जिला अस्पताल से गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी नही होने के नाम पर निजी अस्पताल में रेफर किए जाने के मामलों की जांच कर दोषी अस्पताल अधीक्षक और स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में जिला अस्पताल में एक्स- रे और जीवन रक्षक दवाइयों सहित मलेरिया उमूलन की दवाओं को मरीजों को नही मिलने जैसी व्याप्त अव्यवस्था के लिए दोषी अधिकारियों और कर्मियों पर कार्रवाई करने और

### लोकसभा निर्वाचन व्यय लेखा की जांच 30 जून को

**महासमुंद 20 जून ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 09 महासमुंद के परिणाम की घोषणा के बाद 26वें दिन उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत चुनाव व्यय के खातों के विवरण की जांच करने के लिए 30 जून 2024 को प्रातः 10:00 बजे से 2ाम 05:30 बजे तक जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 9 महासमुंद द्वारा समस्त उम्मीदवारों को व्यय लेखा निरीक्षण कराने के लिए स्वयं अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय लेखा रजिस्टर मय समस्त दस्तावेज, बिल व्हाउचर्स लेकर जांच हेतु निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

# सिकल सेल खत्म करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी:कलेक्टर

**रायगढ़, 20 जून।** विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रुप से आज कलेक्टोरेट परिसर में सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन जागरूकता एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि एक समय देश में पोलियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर देश से पोलियों को खत्म किया गया। इसी प्रकार हमारी पीढ़ी को सिकल सेल को खत्म करने के लिए मेहनत करनी होगी। इसके लिए शासन जन जागरुकता अभियान चला रही है, इसके साथ ही आज से राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों को सिकल सेल के बारे में जानकारी और स्क्रीनिंग करवाने प्रोत्साहित करना है। उन्होंने जनसामान्य से आग्रह किया कि बच्चों का सिकल सेल जांच अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि यह इन्फेक्शन से नहीं होता एवं पहले से जानकारी होने पर कार्ड बनवाया जाता है, ताकि विशेष परिस्थिति में उन्हे बेहतर उपचार प्रदान एवं मैनेजमेंट किया जा सके। जिससे आने वाली पीढ़ी में सिकल सेल को नियंत्रित कर सामान्य जीवन प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सिकल सेल को खत्म करने सामूहिक प्रयास आवश्यक है। उन्होंने सभी से पीएचसी, सीएचसी में निःशुल्क जांच करवाने का आग्रह किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री उमेश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जन सरोकार की दिशा में तत्परता से कार्य कर रहे है। विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम इस बात के लिए प्रेरित करता कि हमें सिकल सेल से लड़ना है और लोगों को जागरुक करना है, हम सब को इसके लिए प्रयास करना चाहिए। हमें लोगों को इसके बचाव, मैनेजमेंट हेतु लिए जागरुक करना चाहिए।नोडल अधिकारी सिकल सेल डॉ.नेहा गोयल ने सिकल सेल के कारण एवं लक्षण के संबंध में जागरूक करते हुये कहा कि हिमोग्लोबिन हमारे शरीर में सभी कोशिकाओं तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है, लेकिन सिकल सेल रोग में यह काम बाधित हो जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी चलने वाले इस रोग में गोलाकार लाल रक्त कण (हिमोग्लोबीन) हंसिये के रूप में परिवर्तित होकर नुकीले और कड़े हो जाते हैं। यह रक्त कण शरीर की छोटी रक्त वाहिनी (शिराओं) में फंसकर लिवर, तिल्ली, किडनी, मस्तिष्क आदि अंगों के रक्त प्रवाह को बाधित कर देते हैं। सिकल सेल होने पर भूख न लगना, खून की कमी से उत्पन्न एनीमिया, हल्का एवं दीर्घकालीन बुखार रहना, थकावट, त्वचा एवं आंखों में पीलापन (पीलिया), बार-बार पेशाब आना व मूत्र में गाढ़ापन, तिल्ली में सूजन, चिड़चिड़ापन और व्यवहार में बदलाव, वजन और ऊंचाई सामान्य से कम, हाथ-पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, हड्डियों और पसलियों में दर्द जैसे लक्षण शरीर में दिखाई देने लगते हैं। जनसामान्य सिकल सेल के लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में निः शुल्क सिकल सेल जांच जरूर करवाएं। विवाह पूर्व सिकल सेल जांच अवश्य कराना चाहिए। 0 से 40 आयु वर्ग के सभी व्यक्तियों की सिकल सेल जांच व उपचार सभी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी वर्ष 2023-24 में 4 लाख 31 हजार 855 स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें 4 लाख 11 हजार 259 नेगेटिव तथा 1048 पॉजिटिव एवं 13 हजार 7 करियर (वाहक)प्राप्त हुए है। इस अवसर पर श्री ज्ञानेश्वर सिंह गौतम, प्रभारी आयुक्त आदिम जाति विकास विभाग श्री महेश शर्मा, सीएचएमओ डॉ.बी.के. चंद्रवशी, डॉ.भानु पटेल, सहायक संचालक आदिम जाति विकास सुश्री आकांक्षा पटेल, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा, डॉ.तिलेश दीवान एवं बड़ी संख्या में मितानिन एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्राचार्य श्री

## एक नजर

### पैडी वॉकर किसानों के लिए वरदान

**रायपुर, 20 जून।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर (एफईएस), जो महिंद्रा समूह की इकाई है, और दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी है, ने मध्यप्रदेश में महिंद्रा 6आरओ पैडी वॉकर नामक एक नया 6 आररो धान ट्रांसप्लांटर लॉन्च किया है। मध्यप्रदेश में 4आरओ वॉक बिहाइंड ट्रांसप्लांटर (एमपी461) और 4आरओ राइड-ऑन (प्लांटिंग मास्टर पैडी 4आरओ) की सफल शुरुआत के बाद, नया महिंद्रा 6आरओ पैडी वॉकर चावल की रोपाई तकनीक के क्षेत्र में महिंद्रा की मौजूदगी को और बढ़ाएगा, जहाँ कंपनी पहले से ही बाजार में अग्रणी है। धान एक प्रमुख फसल है और मध्यप्रदेश अपने विश्व स्तरीय चावल के लिए प्रसिद्ध हैं। यह प्रदेश चावल मशीनीकरण तकनीकों को अपनाने वाला पहला राज्य है, जहाँ राज्य के कई हिस्सों में उच्च गुणवत्ता वाला चावल उगाया जाता है। नया समाधान जल संरक्षण को संभव बनाता है। साथ ही पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है और इसके इस्तेमाल से अन्य श्रम-गहन तकनीकों की तुलना में कम श्रम लागत आती है। दूसरी तरफ यह चावल की खेती से संबंधित समग्र लाभप्रदता में भी सुधार करता है।

### ओनिक्स में अब मिलेगा ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन

**रायपुर, 20 जून।** टेक्नोलॉजी के इस बदलते दौर में ग्राहक कारों में अपडेटेड और अपग्रेडेड वर्ज़न चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी कार तमाम सुविधाओं से लैस हो। ग्राहकों की जरुरत को समझते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक ओनिक्स में शानदार अपग्रेडेशन किए हैं और इसे इसके सेगमेंट में सबसे किफायती ऑटोमैटिक कार बना दिया है। कुशाक ओनिक्स एटी का यह लॉन्च पैसा वसूल होने का वादा करता है। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने कहा, कुशाक ओनिक्स उन ग्राहकों के लिए शानदार विकल्प है, जो हायर वैरिएंट्स के सबसे ज्यादा पसंदीदा फीचर्स अपनी कार में चाहते हैं। 1.0 टीएसआई इंजन वाली इस कार के सभी वर्ज़न्स अब छह एयरबैग्स से लैस हैं। यह पूरी श्रेणी में सबसे किफायती एसयूवी है।

### कंज्यूमर ऑफर की शुरुआत

**रायपुर, 20 जून।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, निर्माण क्षमता के मामले में भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने पश्चिमी ओडिशा में ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर उपभोक्ता ऑफर लॉन्च किया है। यह उपभोक्ता ऑफर उपभोक्ताओं को आकर्षक लाभ प्रदान करने के लिए बनाया गया है। ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर के 100 बैग खरीदने वाले उपभोक्ता को ब्रांडेड आटे का 5 किलोग्राम का पैक मुफ्त मिलेगा। यह अनूठा अभियान जुलाई 2024 के अंत तक 2 महीने से अधिक समय तक जारी रहेगा। न्युवोको का ड्यूरागार्ड माइक्रोफाइबर सीमेंट एक खास तौर पर तैयार किया गया उत्पाद है जिसमें साफ दिखने वाले फाइबर होते हैं जो बाइंडिंग को बढ़ाते हैं, जिससे लंबे समय तक चलने वाला निर्माण सुनिश्चित होता है। यह उत्पाद फाइबर रीइंफोर्सड सीमेंट कम्पोजीशन की पेटेंट तकनीक पर निर्मित है और अपनी बेहतर गुणवत्ता और सस्टेनेबिलिटी के लिए बाजार में अलग पहचान रखता है।

### रायपुर की महिला उद्यमियों को मिल रही नई ताकत

**रायपुर, 20 जून।** अविरल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड वंचित महिला उद्यमियों को उनके सपने साकार करने में मदद कर रहा है। एक प्रेरक कहानी मंदिरों का शहर कहे जाने वाले रायपुर जिले के आरंग गांव की श्रीमती बिसमती ध्रुव की है। बिसमती ध्रुव अपने छोटे से व्यवसाय को आगे बढ़ाना चाहती थी, लेकिन उनकी आदिवासी पृष्ठभूमि के कारण उनके लिए यह मुश्किल था। इन चुनौतियों के बावजूद, वह दृढ़ रहीं। अविरल फाइनेंस की मदद से उन्हें कई चरणों में फंडिंग मिली, जिसने उनके छोटे से ठेले के कारोबार को एक सफल किराना स्टोर में बदल दिया। इस सफलता ने उन्हें उनके समाज में सम्मान दिलाया। अविरल फाइनेंस की मदद ने न सिर्फ बिसमती को सहारा दिया बल्कि क्षेत्र के कई अन्य महत्वाकांक्षी उद्यमियों को भी प्रेरित किया। इसने उन्हें अपने व्यवसायों को बढ़ाने और अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए जरुरी संसाधन प्रदान किए।

### महिला इंजीनियर से 3 लाख की ठगी

**रायपुर, 20 जून।** तेलीबांधा पुलिस थाना प्रभारी विनय सिंह बघेल ने बताया कि मौलश्री विहार, वीआइपी रोड निवासी कंचन शर्मा 34) सीएसपीडीसीएल में एई के पद पर नवा रायपुर में कार्यरत है।14 जून को उनके वाट्सएप पर मोबाइल नंबर 7732854771 सेगूगल रिव्यू देने का मैसेज आया, जिसे क्लिक करने पर 210 रुपये का क्रेडिट हुआ। इसके बाद दूसरे दिन सुबह नौ बजे से टेलीग्राम के गूगल रिव्यू के ग्रुप में एड करने पर 700 रुपये मिलना शुरू हुआ। इसके बाद शातिर ठग ने टास्क देने के नाम पर रकम मांगा। झांसे में आकर एई ने यूपीआइ के माध्यम से दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक कुल दो लाख 87 हजार 500 रुपये अलग-अलग खाते में जमा कर दिया। इसके बाद से प्रत्येक टास्क में उन्हें नुकसान होना शुरू हुआ। तब ठगे जाने का एहसास हुआ।

### पेट्रोल पंप के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 20 जून।** सिंघानिया चौक के पेट्रोल पंप के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज कुमार सिंह 24 वर्ष बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनपी 0164 को सिंघानिया चौक स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए पेट्रोल पंप की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

# विस के मानसून सत्र के पहले मंत्रिमण्डल पुनर्गठन की चर्चा

## पावस सत्र 24 जुलाई से प्रारंभ होने की संभावना

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 जून।** आगामी माह विधानसभा का मानसून सत्र आहूत किया जाएगा। इसके पूर्व मंत्रिमण्डल का पुनर्गठन किए जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। संसदीय मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफा देने के बाद यह विभाग मुख्यमंत्री के पास आ गया है। मानसून सत्र अब 24 जुलाई के आसपास बुलाए जाने के संकेत मिले हैं।

मिली जानकारी के अनुसार राज्य में विधायक बृजमोहन अग्रवाल के सांसद चुने जाने के बाद उन्होंने विधायक एवं मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इसके पश्चात मंत्रिमण्डल के पुनर्गठन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। संसदीय एवं उच्च शिक्षा विभाग अब मुख्यमंत्री के पास आ गया है इसलिए सत्र बुलाए जाने में विलंब हो रहा है।

विधानसभा सचिवालय के अनुसार अभी तक राज्यपाल द्वारा सत्र बुलाए जाने को लेकर कोई अधिसूचना जारी नहीं की गई है लेकिन इस बात की चर्चा है कि सत्र 24 जुलाई से आहूत कया जाएगा जिसमें पांच से अधिक बैठकें बुलाया जाना प्रस्तावित है।

मानसून सत्र किसानों की खाद-बीज एवं अन्य समस्याओं को लेकर बुलाया जाता है लेकिन इसमें विधायक अपने क्षेत्र की समस्याओं एवं विभिन्न विभागों में व्याप्त अनियमितताओं को प्रश्नकाल में उठाते हैं। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत अनेक मुद्दों को उठाएंगे जिसमें बलौदाबाजार घटना, रेत माफिया एवं बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर ध्यानाकर्षण एवं कामरोको प्रस्ताव शामिल है।




**मंत्री पद के दावेदार अपने राजनीतिक आकाओं के संपर्क में**

### मंत्रिमण्डल में शामिल होंगे नए चेहरे

राजधानी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंत्रिमण्डल के पुनर्गठन की चर्चा है। वर्तमान में बृजमोहन अग्रवाल के इस्तीफा देने के बाद एक पद तथा पहले से एक और पद रिक्त हैं। बिलासपुर, रायपुर या बस्तर से नए चेहरों को शामिल करने की चर्चा है। बिलासपुर से अरुण साव मंत्री हैं जिसके कारण यहां पर अमर अग्रवाल को मंत्री बनाने पेंच फंसा हुआ है। वहीं बिलासपुर जिले के बिल्हा विधानसभा से धरमलाल कौशिक भी प्रमुख दावेदार हैं। रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत भी दावेदार हैं। मुख्यमंत्री राजनीतिक एवं भौगोलिक आधार पर मंत्रिमण्डल में प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करेंगे।

# एडीएम देवेन्द्र पटेल वार्ड परिसीमन के लिए बनाए गए नोडल अधिकारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 20 जून।** राज्य शासन द्वारा वार्डों के परिसीमन के लिए आदेश जारी करने के बाद कलेक्टर गौरव सिंह ने एडीएम देवेन्द्र पटेल को नगर निगम रायपुर के वार्डों की परिसीमन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। परिसीमन के लिए शीघ्र ही नगर निवेशक, अपर आयुक्त एवं जोन कमिश्नरों को भी शामिल किया जाएगा।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी में 10 जोन हैं। इसमें से प्रत्येक में 7 वार्ड आते हैं। नगर निवेशक के पद पर कार्यरत निशिकांत वर्मा का कहना है कि शासन द्वारा इसके लिए जो भी मापदण्ड बनाया गया है उसका पालन किया जाएगा। नोडल अधिकारी इस कार्य को अंजाम देने के लिए शीघ्र ही अपनी नई टीम बना लेंगे। इस टीम में जोन कमिश्नरों के अलावा निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को रखा जाएगा। जोन क्रमांक 5 का मुख्यालय ईदगाहभाठा में है। इस वार्ड में डीडी नगर, सुंदर नगर, चंगोराभाठा, प्रोफेसर कालोनी, महंत लक्ष्मीनारायणदास वार्ड आता है। वर्तमान में न्यू चंगोराभाठा एवं चंगोराभाठा की सीमा को लेकर विवाद है। जोन कमिश्नर के अनुसार इस पर कोई आपत्ति आएगी तब कोई फैसला किया जाएगा। प्रोफेसर कालोनी को लेकर भी पेंच है। यह कालोनी दो जोन में विभाजित है। भाठागांव में बढ़ती आबादी को देखते हुए इसका एक भूभाग अन्य जोन में जोड़ा जाएगा। डंगनिया पानी टंकी के नीचे वाला झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र ठाकुर प्यारेलाल वार्ड में आता है। राजनीतिक दृष्टिकोण से इसे हटाने के लिए अब टिकिट के सभी दावेदार डीडी नगर में जोड़ने का दबाव बना रहे हैं। जोन क्रमांक 7 में चूड़ामणि, स्वामी आत्मानंद, कोटा तथा अन्य वार्ड आते हैं। समता कालोनी का 10 एकड़ एवं उड़िया बस्ती, उछला तालाब को अपने राजनीतिक फायदे के लिए जनप्रतिनिधि अलग-अलग वार्डों में जोड़ना चाहते हैं। स्वामी आत्मानंद एवं चूड़ामणि वार्ड में उड़िया भाषी लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। उड़ियाभाषी नेता के खड़े हो जाने के कारण विवाद होता है। जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत सिविल लाईन वार्ड, काटोरा तालाब वार्ड में भी यही समस्या है।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार शासन के आदेश का पालन किया जाएगा। वार्डों के परिसीमन की सूचना मिलते ही सभी निर्वाचित पार्षद सक्रिय हो गए हैं। वार्ड परिसीमन के बाद आरक्षण की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के स्थानीय नेताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। अब वे नेताओं पर दबाव बनाएंगे। नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र का एक बड़ा भाग आ गया है।



■ नगर निवेशक, अपर आयुक्त एवं सभी जोन कमिश्नर किए जाएंगे टीम में शामिल

■ 70 वार्डों की नई सीमा बनाने के लिए शीघ्र शुरू होगा काम

# क्रासिंग नाला निर्माण से यातायात प्रभावित

**रायपुर, 20 जून (मुख्य नगर संवाददाता)।** वर्षा पूर्व नगर निगम द्वारा बनाए जा रहे नालों के निर्माण कारण अब यातायात प्रभावित हो रहा है। नगर निगम द्वारा शहीद स्मारक, बाम्बे मार्केट, मौदहापारा मस्जिद के पास नाला निर्माण के कारण यातायात अवरुद्ध हो गया है। रजबंधा मैदान, प्रेस काम्पलेक्स, दुर्गा कालेज तथा टिम्बर मार्केट, गुरुनानक चौक के आसपास व्यावसायिक काम्पलेक्स होने के कारण लोग बड़ी संख्या में आते हैं। रजबंधा मैदान के पास वीडियो वर्ल्ड के सामने नाले को जोड़ा जा रहा है जिसके कारण चेम्बर कार्यालय के सामने वाहनों की भीड़ लग जाती है। मयूरा होटल के पास नाले को भी शहीद स्मारक के पास नाले से जोड़ा जा रहा है। यहां पर कई भारी मशीन लगी हुई है जिसके कारण राजा भोजनालय से मौदहापारा जाने वाला मार्ग अवरुद्ध हो गया है। जोन-5 के कमिश्नर के अनुसार डंगनिया, चंगोराभाठा में जलभराव को रोकने के लिए नालों का निर्माण चल रहा है। जोन क्रमांक 7 के कमिश्नर के अनुसार समता कालोनी के मुख्य रोड में जलभराव रोकने के लिए पाटों को तोड़ दिया गया है। कोटा में चांदनी चौक के पास नाले का निर्माण कर दिया गया है।




**रायपुर, 20 जून।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा निर्दोषों की गिरफ़्तारी व लगातार बढ़ते अपराधिक मामलों के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस, छत्तीसगढ़ एनएसयूआई, छत्तीसगढ महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास का घेराव करने निकले।


# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 को, भाजपा करेगी प्रदेश भर में योग शिविर आयोजित

**रायपुर, 20 जून।** भाजपा अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी जगदीश रामू रोहरा एवं सह प्रभारी योग गुरू शंभू गुप्ता ने कहा है कि योग भारत की सभ्यता संस्कृति की पहचान है। योग भारत की स्वस्थ रहने की कला है। योग आत्मा से परात्मा का मिलन का आध्यात्मिक ज्ञान है। जो भारत के ऋषि मुनियों ने वर्षो की तपस्या और अनुसंधान के पश्चात सम्पूर्ण मानव जाति को सुखी रहने के लिए दिया है। उन्होंने कहा कि योग के पिता भगवान शिव की माना जाता है। सप्त ऋषियों से चलते हुए महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योग सूत्र के माध्यम से आज सम्पूर्ण विश्व योग कर अपने जीवन को संतुलित कर रहा है।

भाजपा अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी रोहरा एवं सह प्रभारी गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रयास से आज से ठीक 10 वर्ष पहले यूएन में लगभग 200 देशों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिया और आज प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास से पूरा विश्व योगमय हो गया है।

भाजपा अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी रोहरा एवं सह प्रभारी गुप्ता ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर प्रति वर्ष 21 जून अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन करती है। छत्तीसगढ़ में भी भाजपा के नेतृत्व में पूरे मंडल स्तर पर योग का कार्यक्रम करने वाली है। इस कार्यक्रम हेतु राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं मंडल स्तरीय टीम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी के नेतृत्व में बन चुकी है।

भाजपा अंतरराष्ट्रीय योग कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी जगदीश रामू रोहरा एवं सह प्रभारी योग गुरू शंभू गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर में, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव जगदलपुर, उपमुख्यमंत्री अरूण साव कोरबा तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा दुर्ग जिले में अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। वन मंत्री केदार कश्यप नारायणपुर में, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े साइंस कॉलेज रायपुर में, वित्त मंत्री ओपी चौधरी जांजगीर में, बिलासपुर में केन्द्रीय संघ राज्य मंत्री तोखन साहू, कांकेर में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, कोरिया में मंत्री रामविचार नेताम, महासमुद में मंत्री दयालदास बघेल, कबीरधाम में मंत्री लखनलाल देवांगन, बलौदाबाजार में मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, धमतरी में मंत्री टंकराम वर्मा, राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डेय, सरगुजा में सांसद चिन्तामणी महाराज, जशपुर में सांसद राधेश्याम राठिया, सुकमा में सांसद महेश कश्यप, गरियाबंद में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चैधरी, बेमेतरा में सांसद विजय बघेल, बालोद में सांसद भोजराज नाग, सक्ती में सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, रायगढ़ में सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहित पूरे मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में योग दिवस के दिन योग कार्यक्रम में शामिल होंगे।




# किस मुंह से कांग्रेस सीबीआई जांच की मांग कर रही हैः किरण सिंह देव

**रायपुर, 20 जून।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार आगजनी मामले की सीबीआई जाँच की मांग करने वाली कांग्रेस पर करारा कटाक्ष कर सवाल किया कि अपने शासनकाल में तमाम संघीय ढाँचे को तहस-नहस करने पर आमादा भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ में सीबीआई को प्रतिबंधित किया था तो अब किस मुँह से कांग्रेस सीबीआई जाँच की मांग कर रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि जिस कांग्रेस सरकार के शासनकाल में रक्षाबंधन के दिन बहनों के साथ सामूहिक बलात्कार की दरिंदगी का काला अध्याय लिखा गया हो, शिक्षक दिवस के दिन एक आदिवासी शिक्षिका को सामूहिक चुष्कर्म की यंत्रणा से गुजरना पड़ा हो, 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूँ' की जुमलेबाजी करने वाली प्रियंका वाड्रा की प्रदेश की राजधानी में मौजूदगी के बावजूद राजधानी के जयस्तभ चौक के पास पुलिस दफ्तर की नाक के नीचे एक युवती की अस्मिता को दरिंदों ने सामूहिक बलात्कार करके लहूलुहान किया हो, राजधानी में गंडासा के जोर पर एक युवती को आतंकित कर घुमाया गया हो, और जिससे भूपेश सरकार का महिला और आदिवासी विरोधी चरित्र लगातार बेनकाब होता रहा हो, उस कांग्रेस की पिछली भूपेश सरकार को तो शर्म से गड़ जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेसियों के मगर शर्म फिर भी नहीं आ रही है और अब जातीय विद्वेष फैलाने के षड्यंत्र में अपनी भूमिका पर उठती जाँच की आँच से बेचैन कांग्रेसी कानून-व्यवस्था के नाम पर मगरमच्छ के आँसू बहाकर प्रदेश को भरमाने में लगे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष देव ने कहा कि इन मामलों की गूंज विधानसभा तक में रही लेकिन इसके बाद भी भूपेश सरकार गूंगी-बहरी-अंधी बनी बैठी रही। कांग्रेसियों को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि भूपेश सरकार के राज में लगातार अपराधों का ग्राफ बढ़ता ही गया था। लूट, चोरी, डकैती, नकबजनी, खुलेआम हत्या, छेड़खानी, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की वजह से लोग तब हर कदम पर स्वयं को असुक्षित महूसस कर रहे थे। तब पुलिस अपराधियों के सामने घुटने टेकती नजर आ रही थी, वहीं सार्वजनिक मंचों और विधानसभा में बड़ी-बड़ी बातें करने वाले मुख्यमंत्री हमर बेटी हमर अभियान के जुमले उछालते फिर रहे थे।



**छत्तीसगढ़ के लोगों के स्किल अपग्रेडेशन के लिए कंपनियां करें काम : मुख्यमंत्री**

# निवेशकों ने सीएम से मिलकर राज्य में निवेश करने दिखाई रुचि

**रायपुर, 20 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहां मंत्रालय में निवेशकों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ में निवेश करने में रूचि दिखाई। इन निवेशकों में इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और आईटी क्षेत्र की बहुराष्ट्रीय कंपनी टेलिपरफॉर्मेंस शामिल हैं। इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने जशपुर में ग्रीन फील्ड सोलर प्लांट की स्थापना तथा नवा रायपुर अटल नगर में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब स्थापित करने में रूचि दिखाई है। कंपनी की योजना जशपुर में 400 मेगावाट क्षमता का सोलर प्लांट स्थापित करने की है। इसी तरह टेलिपरफॉर्मेंस कंपनी आईटी एवं आईटीज के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी है, जिसने नवा रायपुर अटल नगर में 500 सीटर क्षमता का बीपीओ स्थापित करने में रूचि दिखाई है।



मुख्यमंत्री साय ने निवेशकों से चर्चा के दौरान कहा कि कंपनियों की जरूरत के मुताबिक छत्तीसगढ़ के युवाओं को प्रशिक्षण देकर उनकी स्किल बढ़ाई जाए और उन्हें स्थापित की जाने वाली इकाईयों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराया जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की औद्योगिक नीति के तहत छत्तीसगढ़ में निवेश करने वाले उद्यमियों और कंपनियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे उद्योगों को प्रदेश में प्राथमिकता दी जा रही है, जिनसे प्रदूषण नहीं हो। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने चर्चा के दौरान कहा कि नवा रायपुर अटल नगर में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया गया है। यहां निवेश करना निवेशकों के लिए काफी सुविधाजनक होगा।

निवेशकों ने भी नवा रायपुर में विकसित किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, राहुल भगत, डॉ. बसवराजु एस., आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्रीमती आर. संगीता, एनआरडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ कुमार भी उपस्थित थे।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26